09 Mar -26 page 1 08-03-26 10:49 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 09 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 75 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## भारत बना टी20 का विश्व विजेता




**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया है। भारत के 255 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड को 153 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। बुमराह ने जेम्स नीशम और मैट हेनरी के बाद मिचेल सैंटनर के क्लीन बोल्ड किया। भारत चैंपियन बनने से एक विकेट दूर है। बुमराह ने इससे पहले रचिन रवींद्र को आउट किया था। न्यूजीलैंड को बुमराह ने 16वें ओवर में लगातार दो गेंद पर दो झटके दिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर नीशम और अगली गेंद पर मैट हेनरी को क्लीन बोल्ड किया। फिलहाल सैंटनर और फर्ग्यूसन क्रीज पर हैं। भारत खिताब से दो विकेट दूर है।

न्यूजीलैंड को 13वें ओवर में 124 के स्कोर पर छठा झटका लगा। अक्षर पटेल ने डेरिल मिचेल को ईशान किशन के हाथों कैच कराया। वह 11 गेंद में 17 रन बना सके। अक्षर की यह तीसरी सफलता रही। 13 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 128 रन है।

11वें ओवर में अर्शदीप और डेरिल मिचेल के बीच नोकझोंक देखने को मिली।

# कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के आरोपियों की 12.55 करोड़ की संपत्ति जब्त, क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

## लगातार आरोपियों पर हो रहा है एक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम और नंदग्राम थाना पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के बड़े नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए तस्करी से अर्जित करीब 12.55 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति को जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई स्वापक औषधि एवं मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस अधिनियम) 1985 के तहत की गई है। पुलिस के अनुसार यह संपत्ति अवैध रूप से नशीले कफ सिरप की तस्करी कर कमाए गए धन से खरीदी गई थी। पुलिस के अनुसार 3 और 4 नवंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर अपराध शाखा और नंदग्राम पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान चार ट्रकों में छिपाकर रखी गई 1150 पेटियों में कुल 15,73,500 शीशी कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई थी। इनमें एस्कुफ और फेंसिडिल ब्रांड की शीशियां शामिल थीं। बरामद कफ सिरप की कीमत लगभग 30 करोड़ रुपये आंकी गई थी।




### कई महत्वपूर्ण सामान और दस्तावेज भी बरामद



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन और एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया है कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, एक ट्रक, 20 लाख रुपये नकद, 2 लैपटॉप, 10 आईफोन, 4 मोबाइल सिम और टेपेंटाडोल एक्सटेंडेड रिलीज टैबलेट की 19 पट्टियां भी बरामद की थीं। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मिले थे, जिनके आधार पर तस्करी के नेटवर्क और आर्थिक लेन-देन की जांच आगे बढ़ाई गई।

### कई फर्मों के जरिए चल रहा था अवैध कारोबार

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि विभोर राणा और विशाल सिंह अपने साथियों अभिषेक शर्मा, पवन यादव सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे थे। इस अवैध कारोबार को संचालित करने के लिए आरोपियों ने कई कंपनियों का सहारा लिया। इनमें सहारनपुर में पंजीकृत जीआर ट्रेडिंग कंपनी समेत दिल्ली-एनसीआर की अन्य फर्में भी शामिल पाई गईं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने 2020-21 से 2025-26 के बीच करीब 9.08 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की। इसी धन से उन्होंने अपने और अपने परिजनों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं। जांच में कुल 22,67,34,087 रुपये की चल-अचल संपत्ति का पता चला, जिसमें से 13,58,48,005 रुपये की संपत्ति अवैध आय से खरीदी गई पाई गई। इसी आधार पर करीब 12.55 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।



### अपराध शाखा की निगरानी में चल रही कार्रवाई

करंट क्राइम : जिस मामले को खुद यूपी पुलिस के प्रमुख, खुद गाजियाबाद इस पूरे मामले में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। जांच और निगरानी की जिम्मेदारी डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एडीसीपी अपराध पीयूष सिंह, एसीपी अजय सिंह और क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी निरीक्षक अनिल राजपूत के नेतृत्व में की जा रही है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दो पार्षदों के प्रस्तावों की नगर निगम में चर्चा तेज, संबोधन को लेकर उठे सवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को नगर निगम में हाउस टैक्स के विषय को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के बाद अब दो पार्षदों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों की नगर निगम के गलियारों में जमकर चर्चा हो रही है। इन प्रस्तावों में संबोधन की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसके चलते मामला चचाओं का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार, बोर्ड बैठक से पहले कई पार्षदों की ओर से विभिन्न प्रस्तावों से संबंधित पत्र नगर निगम को भेजे गए थे। इनमें से एक प्रस्ताव पार्षद नीरज गोयल की ओर से भेजा गया है। इस पत्र में उन्होंने ऑटो और ई-रिक्शा के नियमितीकरण का मुद्दा उठाया है। हालांकि उनके द्वारा भेजे गए पत्र में संबोधन सहसदन सचिव को किया गया है। पत्र में महापौर का नाम उल्लेखित जरूर है, लेकिन औपचारिक रूप से उन्हें संबोधित नहीं किया गया है, जिसको लेकर निगम के भीतर चर्चा शुरू हो गई है। वहीं दूसरी ओर पार्षद हिमांशु शर्मा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में भी संबोधन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उनके पत्र में प्रस्ताव सह सदन सचिव और पूर्व डिप्टी मेयर राजीव शर्मा के नाम संबोधित किया गया है, जबकि नियमों के अनुसार इस प्रकार के प्रस्ताव सामान्यतः महापौर या नगर आयुक्त को संबोधित किए जाते हैं। बताया जा रहा है कि हिमांशु शर्मा ने अपने क्षेत्र में भगवान परशुराम भवन के निर्माण को लेकर यह प्रस्ताव भेजा था। दोनों पार्षदों के ये पत्र एक साथ संलग्न होकर सामने आए हैं और इन दिनों नगर निगम में चर्चा का प्रमुख विषय बने हुए हैं। कई पार्षद और अधिकारी इसे प्रक्रिया संबंधी त्रुटि मान रहे हैं, जबकि कुछ लोग इसके पीछे अलग कहानी होने की भी चर्चा कर रहे हैं। गौरतलब है कि शनिवार को हुई बोर्ड बैठक के दौरान यह मामला सदन में नहीं आया। माना जा रहा है कि इसी कारण महापौर या अधिकारियों की ओर से तत्काल इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। सूत्रों की मानें तो जिस प्रकार इन प्रस्तावों में संबोधन किया गया है, उसे लेकर आगे चलकर महापौर और नगर आयुक्त की ओर से संबंधित पार्षदों से स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह मुद्दा नगर निगम की राजनीति में और गर्मा सकता है।

## पार्षद धीरेन्द्र बिल्लू ने सदन के भीतर इस्तीफा दे तो दिया है जरूर

### अब मेयर चाहकर भी नहीं कर सकती उनके इस्तीफे को नामंजूर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निर्दलीय पार्षद धीरेन्द्र यादव बिल्लू ने हाउस टैक्स मुददे पर इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे की खबर बाहर आयी और सोशल मीडियापर छा गयी। उन्होंने अपना इस्ताफा मेयर सुनीता दयाल को सौंपा। बताया ये जा रहा है कि अब अगर मेयर चाहें तो भी वो बिल्लू यादव के इस्तीफे को ना मंजूर नहीं कर सकती है। बताया जा रहा है निगम एक्ट की धारा 29 यही कहती है कि अगर लिखित में इस्तीफा दिया है तो उसी समय तत्काल प्रभाव से वो मंजूर हो गया। इस्तीफा मेयर को संबोधित है और बताया जा रहा है कि सदन में इस्तीफें को लेने वाला अस्वीकार नहीं कर सकता है।

यहां नगर निगम एक्ट की धारा 1959 के सैक्शन 29 के अनुसार जैसे ही पार्षद इस्तीफा देंगे वैसे ही वो स्वीकार मान लिया जायेगा। इस्तीफा देते ही धीरेन्द्र यादव पूर्व हो गये। यहां मेयर की मंजूरी की भी आवश्यकता नहीं है। क्योंकि इस्तीफा प्राप्त होते ही मंजूरी देना जरूरी नहीं है। यहां पर शांति देवी बनाम उत्तर प्रदेशके केस का हवाला दियागया है और बताया गया है कि इस केस में अदाल्त ने कहा था कि यदि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि अपना लिखित इस्तीफा संबंधित अधिकारी को देता है तो वह प्रभावी माना जायेगा।

जब तक यह सिद्ध ना हो कि इस्तीफा स्वेच्छा से नहीं दिया गया। अदालत ने तीन बातें स्पष्ट कीं और कहा कि इस्तीफा लिखित और हस्ताक्षरित होना चाहिए। वह संबंधित प्राधिकारी को दिया गया हो और स्वेच्छा से दिया गया हो। इन तीनों शर्तों से इस्तीफा प्रभावी माना जायेगा। इसमें कहा गया है कि पार्षद का इस्तीफ मेयर को मिलते ही प्रभावित हो जायेगा। इस्तीफा मेयर को संबोधित है तो यह प्रभावी माना जायेगा। और उसी दिन से वह प्रभावी माना जायेगा।

### तीन पार्षदों ने रोका था बिल्लू को मगर उन्होंने नहीं मानी थी बात



करंट क्राइम। सदन की वीडियो रिकॉर्डिंग बता रही है कि तीन पार्षदों ने धीरेन्द्र यादव को रोका था मगर वो नहीं रूके। ये तीनों पार्षद भाजपा के थे। जब वो इस्तीफा देने के लिए उठे तो भाजपा पार्षद ने उनका हाथ पकड़कर रोका तो बिल्लू यादव हाथ झटककर आगे बढ़े। उसके बाद अनिल तोमर और गौरव सोलंकी भी उन्हें रोकते दिखाई दे रहे हैं और उन्होंने इस्तीफा मेयर सुनीता दयाल को सौंप दिया। मेयर ने इस्तीफ बिना पढ़े साईड में रख दिया है।

### धीरेन्द्र यादव बिल्लू का है वार्ड में अपना जनाधार

करंट क्राइम। धीरेन्द्र यादव बिल्लू एक ऐसे पार्षद हैं जिन्होंने निर्दलीय पर्चा भरा और भाजपा आमआदमी पार्टी और कांग्रेस को पटखनी दे दी। शहर के प्रमुख वार्ड में वो भगवा लहर में भाजपा को हराकर चुनाव जीते। अब धीरेन्द्र यादव बिल्लू पब्लिक के बीच छा गये हैं। उनका अपना जनाधार है और इस्तीफे के बाद ये और मजबूत होता दिखाई दे रहा है।

## क्या हो सकती है इस बार दस साल से जमे पदाधिकारियों की विदाई

### बनी है प्रदेश में समरी और महानगर में भी दे रहा है सीन ऐसा ही दिखाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर की घोषणा होनी है और इस बार घोषणा से पहले जो फॉरमेट राष्ट्र और प्रदेश पर दिखाई दे रहा है वो बहुत कुछ कह रहा है। ये फॉरमेट ये है कि अब अपेक्षाकृत नये चेहरों को मौका दिया जा रहा है। राष्ट्र अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक ये सीन है। सूत्र बताते हैं कि इस नये फॉरमेट ने राजनीति में उथलपुथल मचा दी है। फॉरमेट के अनुसार हर बार टीम में आने वाले देवतुल्यों को रिलैक्स दो और नये चेहरों को मौका दो। सूत्र बताते हैं कि इस थीम पर काम शुरू हो गया है और प्रदेश लेवल पर ऐसे चेहरों की समरी तैयार हो गयी है। ऐसे चेहरों की स्क्रूटनी हुई है जो हर बार किसी ना किसी स्वरूप में टीम में दिखाई देते थे। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश स्तर पर ये समरी जारी है और इस समरी का बेस ये लिया गया है कि जो भी चेहरे 12 साल से, 15 साल से, 20 साल से टीम में बने हुए हैं, अब उनके रिटायर होने की बेला आ गयी है। ये कहा गया है कि ऐसे चेहरों को कहीं और एडजस्ट कर दियाजाये। प्रदेश में सेवायें दे चुके हें तो राष्ट्र में भेज दो लेकिन नये चेहरों को आगे लाओ। भाजपा से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इस समरी के इफैक्ट महानगर की टीम में दिखायी देंगे। जो चेहरे लगतार टीम में बने हुए हैं उन्हे मौका नहीं मिलेगा। हो सकता है कि उनका क्षेत्र में प्रमोशन हो, इस बात के प्रबल आसार हैं कि चार चार बार रिपीट होने वाले पदाधिकारी इस बार रिपीट नहीं होंगे। ये चर्चा पूरी पार्टी में है और सूत्र बताते हैं कि अभी इस पर पार्टी का ऑफिशियल कुछ नहीं है लेकिन इंटरनली ये प्लान तैयार हो चुका है। सबसे बड़ी बात ये है कि प्रदेश में समरी तैयार है और ये चर्चा पूरी भाजपा में चल रही है।

# हाउस टैक्स के बिलों में छेड़छाड़ पर होगी एफआईआर : नगर आयुक्त

## बढ़ी छूट के साथ संपत्तिकर वसूली तेज करने के निर्देश

### 1 अप्रैल 2026 से सूखा और गीला कचरा अलग करने वाले शहरवासियों को हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली को गति देने और करदाताओं को दी गई बड़ी छूट का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली नगर निगम के विकास कार्यों की रीढ़ है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम सदन द्वारा करदाताओं को हाउस टैक्स में दी गई छूट की जानकारी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जाए।

उन्होंने कहा कि कई करदाता छूट की जानकारी के अभाव में समय पर कर जमा नहीं कर पाते, इसलिए प्रत्येक जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर करदाताओं को 77 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक की छूट की जानकारी दें और उन्हें समय रहते कर जमा करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में यह भी बताया गया कि 1 अप्रैल 2026 से कचरा पृथक्करण (सूखा और गीला कचरा अलग करना) करने वाले शहरवासियों को हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा कि यह कदम शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### बिल में गड़बड़ी पर होगा एक्शन




करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हाउस टैक्स के बिलों में किसी प्रकार की अनावश्यक छेड़छाड़ या हेरफेर की शिकायत मिलती है और उसके साक्ष्य सामने आते हैं, तो संबंधित दोषियों के खिलाफ सीधी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को निर्देश दिए कि टैक्स विभाग की कार्यप्रणाली की प्रतिदिन समीक्षा की जाए और वसूली की मॉनिटरिंग को और मजबूत किया जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया हाउस टैक्स पर 12 प्रतिशत ब्याज लागू हो जाएगा। ऐसे में नगर आयुक्त ने करदाताओं से अपील की कि वे बढ़ी हुई छूट का लाभ उठाते हुए समय पर हाउस टैक्स जमा करें, ताकि अतिरिक्त ब्याज से बचा जा सके। टैक्स विभाग द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाकर लगभग 32 हजार व्यावसायिक भवन, 66 सरकारी संपत्तियां, 2 लाख 48 हजार आवासीय भवन और हाईराइज सोसाइटियों के करीब 43 हजार फ्लैटों को लक्ष्य बनाकर कर वसूली की जाएगी। इसके लिए जोनल स्तर पर टीमों का गठन कर अभियान को तेज किया जाएगा।

### हाउस टैक्स की समस्याओं को दूर करने के लिए होगी जनसुनवाई

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि करदाताओं की समस्याओं और हाउस टैक्स से जुड़े किसी भी प्रकार के संशय को दूर करने के लिए नगर निगम मुख्यालय और सभी जोनल कार्यालयों में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे और मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे। बैठक के अंत में नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की आय बढ़ने से ही शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए हाउस टैक्स वसूली को लक्ष्य के अनुरूप पूरा करें।



# देश की पहली रिंग मेट्रो राजधानी दिल्ली में शुरू

## पीएम मोदी की दिल्ली को 33,500 करोड़ की सौगात, आम आदमी पार्टी पर बोला हमला










**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आज दिल्ली मेट्रो के दो कॉरिडोर चालू हो गए हैं। इसमें से एक कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली को देश की पहली रिंग मेट्रो मिल गई। वहीं, तीन अन्य कॉरिडोर की नींव भी रखी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन प्रोजेक्टों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली को 33,500 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। इसमें जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) पुनर्विकास योजना के अंतर्गत तैयार की गई परियोजनाएं भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा, जिनमें बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क आदि शामिल हैं।

पीएम मोदी ने कहा, ' आज का ये कार्यक्रम इस बात का भी प्रमाण है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई, वो कितनी जरूरी थी। अगर यहां पर आपदा सरकार न होती तो ये मेट्रो फेज 4 प्रोजेक्ट बहुत पहले ही पूरा हो चुका होता। लेकिन आपदा वालों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए दिल्ली के लाखों लोगों की सुविधा को ताक पर रख दिया था। यहां भाजपा सरकार बनने के बाद दिल्ली के चौतरफा विकास में तेजी आई है। आपदा वालों का तरीका था, काम कम और बहाने ज्यादा। आज दिल्ली में विकास का मॉडल है, बहाने बंद, काम शुरू। पहले प्रोजेक्ट फाइलों में दम तोड़ते थे, आज प्रोजेक्ट जमीन पर उतरते हैं।'

**नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा**

पीएम मोदी ने कहा, 'आज जो मेट्रो का नया सेक्शन शुरू हुआ है, उससे राजधानी के लाखों लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलने वाली है। खास तौर पर पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए अब रोज का सफर पहले से कहीं ज्यादा आसान होगा। इन सबके साथ ही गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के शहरों से दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में आना-जाना आसान हो जाएगा।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ₹करीब 10 वर्षों तक अअढ-दा सरकार ने यहां विकास का हर काम ठप रखा था। अब दिल्ली से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे बनने से अब लाखों गाड़ियों को शहर में आने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारी सरकार यमुना जी की साफ-सफाई के लिए भी बड़े पैमाने पर काम कर रही है।'

**'आप-दा सरकार ने विकास का हर काम ठप रखा था'**

### राष्ट्रपति के अपमान पर पीएम का टीएमसी पर हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'द्रौपदी मुर्मू संथाल के एक बड़े उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं लेकिन राष्ट्रपति को सम्मान देने के बजाय, टीएमसी ने इस पवित्र और महत्वपूर्ण कार्यक्रम का बहिष्कार किया। वे खुद आदिवासी समाज से आती हैं और वे आदिवासी समाज के विकास के बारे में चिंतित रही हैं। टीएमसी सरकार ने उस कार्यक्रम को बदइंतजामी के हवाले कर दिया। यह न केवल राष्ट्रपति का अपमान है बल्कि भारत के संविधान का भी अपमान है। यह संविधान की भावना का अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। टीएमसी सत्ता के अहंकार में डूबी हुई है।'

# 'यह लोकतंत्र का अपमान', राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाय टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।

**टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार :** प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं।

**राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त :** इससे पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से इस संबंध में विस्तृत जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया है।

# ममता बनर्जी के धरने का तीसरा दिन

## भाजपा पर हुईं हमलावर, चुनाव आयोग के दुरुपयोग का आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एसआईआर के बाद मतदाता सूची में कथित मनमानी तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में चल रहा धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीएमसी सुप्रीमो ने भाजपा पर 'वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए चुनाव आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है, जब राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की पूरी पीठ कोलकाता पहुंचने वाली है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक नींव पर 'अभूतपूर्व और प्रत्यक्ष हमला' हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने ₹एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी₹ के उन्माद में, अपने जन-विरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को व्यवस्थित रूप से हथियार बना रही है।

**संविधान को बदलने की कोशिश का आरोप :** बनर्जी ने यह भी दावा किया कि भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को अपने 'पार्टी घोषणापत्र' से बदलना है। उन्होंने कहा कि वर्षों से भाजपा ने बंगाल के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, एक चाटुकार मीडिया और न्यायपालिका के एक आज्ञाकारी वर्ग का इस्तेमाल किया है।

**लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमलाः ममता**

टीएमसी प्रमुख ने विशेष रूप से आरोप लगाया कि भाजपा 'वैनिश कमीशन' का दुरुपयोग कर वैध मतदाताओं को चुनावी सूची से हटा रही है। बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को 'दिल्ली के जमींदार' बताया और दावा किया कि वे बंगाल को 'वशीभूत' करने के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि धर्मतल्ला में उनका धरना राज्य के लोगों को अपमानित करने, डराने और सताने के हर बांग्ला-विरोधी एजेंडे का जवाब है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है, जिस पर ळटउ का आरोप है कि इसके कारण बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

# शंकराचार्य पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर हमला

## ट्रेन में चाकू मारे, नाक काटने की कोशिश



**नई दिल्ली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों से यौन उत्पीड़न की एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर रविवार को चलती ट्रेन में जानलेवा हमला हुआ। आशुतोष महाराज ने बताया-

मैं रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से गाजियाबाद से प्रयागराज जा रहा था। फर्स्ट एसी कोच में बैठा था। रास्ते में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 5 बजे टॉयलेट के लिए उठा। बाहर गेट पर एक आदमी खड़ा था। आगे बढ़ा तो उसने पीछे से हमला कर दिया। धारदार हथियार से उसने मेरी नाक काटने की कोशिश की। चेहरे और हाथ पर कई वार किए। गंभीर चोटें आईं। काफी खून बहा।

आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक, वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे और ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर लिया। वहीं से जीआरपी को फोन करके घटना की जानकारी दी।

आशुतोष महाराज ने कहा- हमलावर के पास धारदार हथियार था, उस्तरा या चक्कू की तरह पैना था। वह अकेला था। बॉडी-बिल्डर की तरह था। हम बाथरूम की तरफ जा रहे थे तो वह गेट पर खड़ा था। हमने सोचा कोई यात्री है, जो अगले स्टेशन पर उतरने के लिए खड़ा है।

इसी बीच उसने मुझ पर हमला किया तो मैंने बचने के लिए अपना चेहरा नीचे कर लिया। अपने बचाव में घूसे मारे। खड़ाऊं से मारा। दूसरी बोगी के लोग चिल्ला रहे थे। हमले से हमें दिखना कम हो गया है, व्हाटसऐप का मैसेज पढ़ नहीं पा रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे पास जो साक्ष्य हैं, वह अदालत में पेश करने तक मुझे सुरक्षित रखा जाए। उसके बाद मुझे मार दें, कोई परेशानी नहीं है।

**आशुतोष महाराज बोले- हमें सुरक्षा दी जाए, कोर्ट में सबूत पेश करेंगे**

आशुतोष महाराज ने कहा- हमला करने वाले ने खुद स्वीकार्य किया है। वह सुबूत पुलिस तक पहुंच गया है। उसने कहा है कि तुमने हमारे गुरू के खिलाफ पॉक्सो का मुकदमा कराया है। हम तुम्हारी नाक काटकर उनके चरणों में चढ़ाएंगे।

प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में जांच के बाद सर्किट हाउस पहुंचे आशुतोष महाराज ने मीडिया से बात की। शंकराचार्य पर गंभीर आरोप लगाया। कहा- यह पूरा मामला उनकी ही शह पर हुआ है। वह जानता है कि हमने अदालत में इसके खिलाफ साक्ष्य दिया है। उसी आधार पर कोर्ट के आदेश पर एफआईआर की गई। अब इसने एक पक्षीय आदेश करवा लिया था। हम अपना पक्ष रखेंगे। ये हमें रोकना चाह रहा था, इसलिए इसने हमारे ऊपर हमला कराया है।

उन्होंने कहा- खून जितना बहा है मेरा, एक-एक खून का बदला लेंगे। हमलावर कह रहा था कि तुम्हारी नाक काट कर अपने गुरू के चरणों में चढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि हम उनको कानून से मारेंगे। वह (शंकराचार्य) झूठ बोलता है। अपने ऊपर कोई हमला करा लेगा क्या। वह अपनी नाक कटवाकर देख ले। हमें दिखना बंद हो गया। सुबह से चेकअप पर चेकअप हो रहा है। इसमें सब गड़बड़ ही आ रहा है। हम अब पीछे नहीं हटेंगे। हमारे सभी समर्थक भड़क गए हैं।

उन्होंने हमले के पीछे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद समेत अन्य को जिम्मेदार ठहराया है।

# यूजीसी विरोध प्रदर्शन को लेकर गाजियाबाद में 45 से अधिक लोग हाउस अरेस्ट

## तीनों जोन की पुलिस रही अलर्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दिल्ली में रविवार को यूजीसी से जुड़े मुद्दे को लेकर प्रस्तावित बड़े विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने एहतियाती कार्रवाई करते हुए 45 से अधिक लोगों को हाउस अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों और कई शहरों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना थी। इसे देखते हुए पुलिस और खुफिया तंत्र पहले से ही सतर्क हो गया था। सूत्रों के अनुसार शनिवार देर रात से ही कई प्रमुख चेहरों के घरों के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई थी, ताकि वे दिल्ली जाकर प्रदर्शन में शामिल न हो सकें। हाउस अरेस्ट किए गए लोगों में राजनीतिक, सामाजिक और हिंदू संगठनों से जुड़े कई कार्यकर्ता शामिल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक शालीमार गार्डन निवासी नितिन शर्मा, वैशाली निवासी विपिन शर्मा, इंदिरापुरम के कई लोग, तो डॉ. उदिता त्यागी, महंत नरसिंहानंद सरस्वती, सतीश शर्मा, बीके शर्मा, सत्यम पंडित, गौरव सिसोदिया और संकेत कटारा सहित दर्जनों लोगों को पुलिस ने उनके घरों पर ही रोक दिया। इनके आवासों के बाहर पुलिस की तैनाती कर दी गई थी और उन्हें बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई।

### पहले भी हो चुकी है ऐसी कार्रवाई

**करंट क्राइम।** सूत्रों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब संभावित विरोध प्रदर्शन को देखते हुए इस तरह की कार्रवाई की गई हो। बीते दिनों भी विभिन्न आंदोलनों और विरोध कार्यक्रमों की आशंका को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस ने कई सक्रिय लोगों को एहतियातन हाउस अरेस्ट किया था। उस समय भी पुलिस ने संबंधित लोगों के घरों के बाहर पुलिस बल तैनात कर उन्हें कार्यक्रमों में शामिल होने से रोक दिया था।

### ऐसे लोगों पर रहती है पुलिस की नजर

**करंट क्राइम :** सूत्रों के अनुसार किसी भी बड़े आंदोलन, विरोध प्रदर्शन या संवेदनशील कार्यक्रम की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नरेट और स्थानीय खुफिया इकाइयां सक्रिय हो जाती हैं। जिन लोगों के ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने की संभावना होती है, उन पर पहले से निगरानी शुरू कर दी जाती है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इस तरह की एहतियाती कार्रवाई की जाती है, ताकि बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न फैला सकें।

# पार्षद राजीव भाटी ने किया आरसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गणेशपुरी क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही जर्जर रास्तों और जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। गणेशपुरी की मुख्य सड़क, जो भगवान सिंह नेगी के घर से लेकर रतन चक्की नाले तक जाती है, अब आरसीसी से पक्की बनाई जाएगी। इस सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय निगम पार्षद राजीव भाटी ने नारियल तोड़कर कर शिलान्यास किया। पार्षद राजीव भाटी ने बताया कि यह सड़क केवल एक मोहल्ले की सड़क नहीं है, बल्कि यह तीन अलग-अलग वार्डों को आपस में जोड़ता है। लंबे समय से स्थानीय निवासी इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। रोड बनने से इसकी उम्र लंबी होगी और भारी वाहनों के दबाव व बारिश के पानी से सड़क जल्दी खराब नहीं होगी। महापौर सुनीता दयाल का जताया आभार सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों ने भारी उत्साह दिखाया। स्थानीय निवासियों और कार्यकताओं ने इस विकास कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया। लोगों का कहना है कि महापौर और पार्षद के प्रयासों से क्षेत्र की एक बड़ी समस्या का समाधान होने जा रहा है।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि युग गुर्जर, गजेंद्र पाल, प्रेमराज पाल, विपिन कसाना, सतबीर भाटी, अशोक यादव, रतनपाल, सूरज प्रजापति, रोहित भाटी, तुषार भाटी, रवि पंडित, मनोज यादव, सुरेश पंडित, देवराज, अमर प्रजापति, शौर्य भाटी, दीपक नारायण, विकास शर्मा और टिंकू आदि लोग उपस्थित रहे।

# असम में महिलाओं की बल्ले-बल्ले



**गुवाहाटी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य की महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्रमुख योजना ओरुनोदोई योजना के तहत करीब 40 लाख लाभार्थी महिलाओं को अगले सप्ताह 9,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भुगतान चार महीने की सहायता राशि और अतिरिक्त अनुदान को मिलाकर किया जाएगा। यह राशि 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे सीधे महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

सीएम हिमंत के मुताबिक, इस योजना के तहत एक ही दिन में करीब 3,600 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में भेजे जाएंगे, जो किसी सरकारी योजना के तहत एक दिन में होने वाला बड़ा ट्रांसफर माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओरुनोदई योजना राज्य सरकार की प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,250 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मिलेगी साड़ी-यूनिफॉर्म

लखनऊ । सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को साड़ी-यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी के माध्यम से 29.59 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की।

### सूचना/ उद्घोषणा

(अंतर्गत धारा 84 BNSS)
न्यायालय माननीय न्यायालय NDPS
जनपद- गाजियाबाद
धारा 84 BNSS, 2023 के अंतर्गत उद्घोषणा
अपराध सं0-0059/2025
धारा-8/20/25/29 NDPS ACT
थाना शालीमार गार्डन, जनपद- कमि० गा०बाद
यह उद्घोषणा सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु प्रकाशित की जाती है कि- अभियुक्ता - पिंकी, पुत्र - माजिद, पता - बी 128, बी-129/2 विक्रम एन्कलेव, शालीमार गार्डन, कमि० गा०बाद उपरोक्त अभियुक्ता के विरुद्ध उपरोक्त अपराध में न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया है तथा अभियुक्ता गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार/छिपा हुआ है।

अतः माननीय न्यायालय NDPS के आदेश दिनांक 16/02/2026 के अनुपालन में धारा 84 इठरर, 2023 के अतर्गत यह उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्ता मा0 न्यायालय के समक्ष 16/03/2026 से पूर्व व्यक्तिगत रुप से उपस्थित हो। यदि अभियुक्ता मा० न्यायलय के समक्ष उपस्थित नही होती है, तो उसके विरुद्ध विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

आदेशानुसार
नाम- उ0नि0 शेखर मिश्रा
थाना शालीमार गार्डन
कमि० गा०बाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 09 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Himanshulove Sharma is with Deepak Bhati and 13 others.
3h ·

गाजियाबाद नगर में साहित्यिक गतिविधियों के जन्मदाता और ग़ज़िआबाद लोक परिषद के माध्यम से गाजियाबाद में 60 वर्ष तक कवि सम्मेलन करने वाले परम आदरणीय स्वर्गीय श्री हर प्रसाद शास्त्री जी जिनकी आज 34 वी पुण्यतिथि है उनको हमें छोड़कर गए हुए 34 वर्ष हो गए आज भी उनके सुपुत्र आदरणीय शास्त्री जी को याद करने और उनकी याद में कवि सम्मेलन करने के लिए आते हैं गाजियाबाद में साहित्यिक गतिविधियों के लिए उनके द्वारा हिंदी भवन की स्थापना कीआज हिंदी भवन साहित्यिक और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है मैं पंडित हर प्रसाद शास्त्री जी के श्री चरणों में प्रणाम करता हूं



# वसुंधरा मंडल में जब पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने की बैठकर चर्चा

## क्यों उठी ये आवाज कि वो भरना चाहते हैं एमएलसी चुनाव वाला पर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हर मूवमेंट का एक उद्देश्य होता है। जो राजनीति के खिलाड़ी हैं वो जानते हैं कि नेताओं के कदम ऐसे ही तो कहीं नही जाते हैं ।पहले वोएक योजना तैयार करते हैं और फिर उस योजना पर काम करते हैं।पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल जब वसुन्धरा मंडल में पहुंचे तो पार्षदों से एमएलसी चुनाव पर चर्चा की तो सीधा सा संदेश किया कि वो अब राज्यसभा वाली पारी खेलने के बाद एमएलसी वाला पर्चा भरना चाहते हैं। दरअसल अनिल अग्रवाल राजनीति के सुपर एक्टिव मोड में चल रहे हें। वो हर सामाजिक आयोजन में दिखाई देते हैं। वो व्यवहार कुशल हैं और राज्यसभा वाली पारी खेलते हुए ही उन्होंने अपने पीआर को जबरदस्त मजबूत किया।इन दिनों उनकी लोकेशन एमएलसी चुनाव वाली चर्चा के बीच मेरठ परिक्षेत्र में दिखाई दे रही है। वो हर उस जगह पर दस्तक दे रहे हैं जो एमएलसी दायरे में आता है। एमएलसी चुनाव से जुड़ी हर लोकेशन पर अनिल अग्रवाल हैं।वो सब जगह जा रहे हैं। अनिल अग्रवाल जब नदियापार के वसुन्धरा मंडल में पहुंचे तो ये संदेश इसलिए भी मजबूती से गया क्योंकि वो वसुन्धरा मंडल में किसी सामाजिक या धार्मिक आयोजन में नहीं गये थे। वो एमएलसी स्नातक निर्वाचन हेतू वोट बनवाने के विषय में आयोजित बैठक में विस्तृत चर्चा के लिए गये थे। पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल अपने साथ एमएलसी चुनाव से जुड़े नये फार्म लेकर गये थे।

जो उन्होंने वसुन्धरा मंडल के पार्षदों को वितरित किये। अब कोई बड़ा नेता अगर एमएलसी चुनाव के जुड़े फार्म लेकर भाजपा के मंडल अध्यक्षों और पार्षदों के बीच पहुंचे हैं तो फिर जाहिर सी बात है कि कुछ तो चल रहा है।इस बैठक में 6 पार्षद मौजूद थे, मंडल अध्यक्ष मौजूद थे और एमएलसी चुनाव से जुड़े मुददों पर चर्चा हुई।इसी के साथ इस चर्चा को बल मिल गया कि पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल एमएलसी चुनाव वाला पर्चा भरने की तैयारी कर रहे हैं।

### एमएलसी चुनाव लड़ने से लेकर एचआरआईटी की चुनावी बैठक तक : अनिल अग्रवाल




करंट क्राइम। इसमें कोई दोराय नहीं है कि पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल टीआरपी वाले नेता हैं। आज भी उनके आवास पर आम जनता से लेकर खास चेहरे दिखाई देते हैं। उनके यहां से लोग निराश नहीं लौटते। मुस्कुराकर समस्या भी सुनते हैं और समाधान भी करते हैं। भले ही अनिल अग्रवाल राज्यसभा की पारी खेल चुके हैं लेकिन वो एक बार एमएलसी वाली उम्मीदवारी का फार्म भी भर चुके हैं। ये उस दौर की बात है जब कोई लहर नहीं थी और ऐसे में अनिल अग्रवाल एमएलसी चुनाव के दिग्गज कहे जाने वाले ओमप्रकाश शर्मा और हेमराज पुण्डीर के सामने मजबूती से चुनाव लड़े थे और बहुत ही मामूली अंतर से उन्हे तब हार का सामना करना पड़ा था जब भाजपा चुनाव की गिनती में नहीं थी। उसके बाद वो राज्यसभा का चुनाव लड़े और चुनाव जीते। अब जब ये चर्चा चलती है कि वो एमएलसी चुनाव लड़ना चाहते हैं तो इस उम्मीदवारी के बाद फिर से उम्मीद तब दिखाई दी है जब अनिल अग्रवाल के कॉलेज एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में एमएलसी चुनाव से ज़ूड़ी बैठक हुई। तभी से इस चर्चा को बल मिल गया था कि वो विधान परिषद की तैयारी कर रहे हैं। और जब वो वसुन्धरा मंडल में पहुंचे तो इस चर्चा को बल मिला। वो अपने साथ एमएलसी चुनाव के फार्म लेकर गये थे।

### भले ही वो हो गये हैं पूर्व लेकिन पॉलिटिकल पारी खेली है अभूतपूर्व

करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल अब सांसद से पूर्व सांसद हो गये हैं। लेकिन उनके कार्यकाल को देखें तो उन्होंने अभूतपूर्व पारी खेली है। राज्यसभा सांसद रहते हुए उन्होंने तब लोकसभा की दावेदारी खुलकर की थी जब लोग खुद का नाम दावेदारी में चलने की चर्चा से भी डरते थे। तब उन्होंने लोकसभा की दावेदारी की और कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि इस सीट पर वैश्य माहौल ही अनिल अग्रवाल ने बनाया। उन्होंने गाजियाबाद में पांच प्रतिनिधि भी बनाये। उन्होंने किसी को रेलवे सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनाया तो किसी को पद दिलाया। उनकी सियासी पारी गजब की रही है और चर्चा यही है कि पूर्व होने के बाद से अब वो चाहते हैं कि जिम्मेदारी रहे। जिम्मेदारी वाली पारी होती है तो फिर ये सभी पर भारी पड़ती है। वैसे भी राजनीति में पद को कद से जोड़कर देखा ही जाता है। ऐसे में ये संदेश है कि अब पूर्व सांसद खुलकर मैदान में आ गये हैं। राज्य वाली सभा में वो जा चुके हें और अब अपने राज्य में विधान परिषद वाली सभा में उन्हें जाना है। समर्थक कहते है कि सदन तो उच्च ही होता है। वो संसद के उच्च सदन में रहे हैं और उच्च सदन में भी जा सकते हैं।

### पार्षदों का उत्साह भी दे रहा है संकेत

करंट क्राइम। बात राज्यसभा वालों के मूवमेट से निकली है और उस विधानसभा से चर्चा का धुंआ उठा है जो हैवी वेट विधानसभा मानी जाती है। ऐसे में जब नदियापार के वसुन्धरा मंडल में अनिल अग्रवाल पहुंचे तो यहां पार्षद नरेश भाटी, पार्षद नीलम भारद्वाज, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद राजकुमार भाटी, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, मंडल महामंत्री अमरीश चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय त्यागी मौजूद रहे। नदियापार का ईलाका और ये टीम भी संकेत दे रही है कि कुछ थीम पर तो काम हो रहा है। पार्षदोंका उत्साह बता रहा है कि इलैक्शन को लेकर डायरेक्शन कहीं से तो मिला है। एक संकेत है कि आप चुनाव लड़ो, पूरी टीम आपके साथ है।

# सदन में गूंजी आवाज: क्या नगर निगम के पास नहीं है टैक्स कैलकुलेशन के लिए उपयुक्त फेस?

## महापौर बोलीं, इसी कारण आते हैं बिलों में गड़बड़ी के इतने सारे केस





### - हाउस टैक्स कैलकुलेशन के लिए नगर निगम करेगा आउटसोर्सिंग पर कर्मियों की तैनाती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम गाजियाबाद में हाउस टैक्स का मुद्दा इन दिनों गंभीर प्रशासनिक और राजनीतिक बहस का विषय बना हुआ है। अदालत के फैसले के बाद जहां एक ओर शासन स्तर पर समाधान निकालने की कवायद जारी है, वहीं शनिवार को हुई नगर निगम की बैठक में इस विषय को लेकर कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

बैठक के दौरान यह सवाल जोरदार तरीके से उठा कि क्या नगर निगम के पास हाउस टैक्स की सटीक गणना (कैलकुलेशन) करने के लिए कोई सक्षम और अधिकृत अधिकारी ही नहीं है। सदन की कार्यवाही के दौरान कई पार्षदों ने हाउस टैक्स की गणना में आ रही गड़बड़ियों और बिलों में विसंगतियों का मुद्दा उठाया।

इस दौरान जब वैशाली वार्ड के पार्षद गौरव सोलंकी ने एक भवन के अनुमानित कवर्ड एरिया और जारी किए गए हाउस टैक्स बिल का उदाहरण देते हुए कैलकुलेशन पर सवाल खड़े किए, तो सदन में मौजूद कई अधिकारी स्पष्ट जवाब देने की स्थिति में नहीं दिखे।

हैरानी की बात यह रही कि न तो लेखा अधिकारी, न कर निर्धारण अधिकारी, न ही अपर नगर आयुक्त और न ही सदन सचिव इस सवाल का संतोषजनक उत्तर दे सके। स्थिति उस समय और अधिक असहज हो गई जब सदन में मौजूद जनप्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिए स्वयं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने पूरे मामले की जानकारी देते हुए स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया। इससे यह संकेत मिला कि नगर निगम के भीतर हाउस टैक्स की गणना और तकनीकी प्रक्रिया को लेकर विशेषज्ञ स्तर पर स्पष्ट जवाब देने वाले अधिकारियों की कमी महसूस की जा रही है।

### मेयर भी रह गईं थीं हैरान

करंट क्राइम : बैठक के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने भी इस स्थिति पर आश्चर्य और नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि क्या नगर निगम में कोई ऐसा अधिकारी नहीं है जो हाउस टैक्स की पूरी प्रक्रिया और कैलकुलेशन को स्पष्ट रूप से समझा सके। महापौर ने कहा कि जब सदन में जनप्रतिनिधियों के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है, तो आम जनता के बीच भ्रम और शिकायतें बढ़ना स्वाभाविक है।महापौर ने यह भी कहा कि हाउस टैक्स के बिलों को लेकर लगातार गड़बड़ी और गलत कैलकुलेशन की शिकायतें सामने आती रही हैं। यदि विभाग के पास पूरी प्रक्रिया को समझने और समझाने वाला सक्षम अधिकारी नहीं होगा तो ऐसी समस्याएं स्वाभाविक रूप से बढ़ेंगी। इस पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भी माना कि हाउस टैक्स बिलों में गड़बड़ी और लापरवाही की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि अब टैक्स कैलकुलेशन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए नगर निगम आउटसोर्सिंग के माध्यम से तकनीकी रूप से सक्षम कर्मियों की तैनाती करने की तैयारी कर रहा है। नगर आयुक्त के अनुसार हाउस टैक्स की गणना एक तकनीकी प्रक्रिया है, जिसमें संपत्ति का क्षेत्रफल, उपयोग की श्रेणी, लोकेशन, निर्माण का प्रकार और कई अन्य मानकों को ध्यान में रखकर टैक्स निर्धारित किया जाता है। यदि इस प्रक्रिया को सही ढंग से संचालित नहीं किया गया तो बिलों में त्रुटियां आना स्वाभाविक है। इसलिए अब निगम प्रशासन इस व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठा रहा है। नगर निगम की बैठक में उठे इस मुद्दे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हाउस टैक्स व्यवस्था को लेकर न केवल जनता बल्कि जनप्रतिनिधियों के बीच भी असंतोष और सवाल मौजूद हैं। आने वाले समय में निगम प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को कितना पारदर्शी और सटीक बना पाता है, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

# तो क्या मार्च के अंत में बैठेगा भाजपा पदाधिकारियों की घोषणा का संयोग

## इस बात की चर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही बनेगा ये संयोग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक लिस्ट है जो आउट नहीं होती, और एक डाउट है जो देवतुल्यों को सोने नहीं देता। एक चैन से रहने नहीं दे रहा। ये कहानी भाजपा के उन दावेदारों की है जो महानगर वाली टीम में स्थान पाना चाहत हैं। कोई दिल्ली के चक्कर काट रहाहै, किसी ने लखनऊ में डेरा डाला है। कोई संघ वालों की चरण रज अपने मस्तक पर ले रहा है तो कोई आगरा कनैक्शन ढूंढकर दस्तक दे रहा है। रोज एक नया अनुमान लगाते हैं और ये घोषणा क्यों नहीं हो रही इसके लिए घटनाक्रम के फलैशबैक में जाना है। पार्टी एक फॉरमेट पर काम कर ही है। और मंडल अध्यक्षों की घोषणा से ये फॉरमेट समझ में आता है। पार्टी मंडल अध्यक्षों की घोषणा की इसी फॉरमेंट पर की है। पहले यहां पर्यवेक्षक आये और नाम लिये गये और क्षेत्रीय कार्यालय पर गहन विचार विमर्श हुआ। क्षेत्रीय दफ्तर पर आयोजित इस बैठक में पर्यवेक्षक पहुंचे, जनप्रतिनिधि पहुंचे और बैठक के बाद विचार विमर्श के बाद ही लिस्ट घोषित हुई। भाजपा का ये अपना फॉरमेट है कि यहां पहले प्रदेश की सूची जारी होती है और इसी में क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम होता है। फिर क्षेत्र और जिला महानगर के नम्बर आते हैं। इस लिहाज से ये माना जा रहा है कि पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी और इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय पर ही बैठक होगी और हर नाम पर चर्चा के बाद महानगर की टीम घोषित होगी। इसका कारण ये बताया जाता है कि महानगर की टीम क्षेत्रीय अध्यक्ष के हस्ताक्षर होने के बाद घोषित होगी। ये कहानी मार्च के अंत तक जाती दिखाई दे रही है। इसके आसार मार्च माह के अंत तक दिख रहे हैं और फिर क्षेत्रीय कार्यालय पर घंटों तक बैठक होनी है तब जाकर महानगर की टीम घोषित होनी है। ऐसे में दावेदारों के पास इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### पर्यवेक्षक रखेंगे नाम और कोर कमेटी करेगी मंथन और चिंतन

करंट क्राइम। भाजपा का ये फॉरमेट है कि यहां संगठन का पद हो या चुनाव का टिकट हो फैसला सामुहिक ही होता है। ऐसे में पर्यवेक्षक रामप्रताप सिंह चौहान को लेकर कोई कुछ भी बोल सकता है मगर उनका रोल इतना है कि वो यहां नाम लेकर जायेंगे और उन नामों को क्षेत्रीय कार्यालय में कोर कमेटी को देंगे। ना किसी का एक नाम काटेंगे और ना बढ़ायेंगे। वो नामों को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष के पास जायेंगे और वहां बैठक में उन नामों पर विचार होगा। कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। सबके अपने अपने चेहरे रहेंगे। गहन चर्चा के बाद ही मार्च के आखिर तक घोषणा होगी। फिलहाल मार्च एंड का सीन बनता दिखाई दे रहा है। वैसे भाजपा को पार्टी विद डिफरेंस भी कहा जाता है तो अगर पहले घोषणा हो जाये तो कोई अचम्भा भी नहीं होना चाहिए।

# डीसीपी की नाइट चेकिंग में उड़े पुलिसकर्मियों के होश कोई लोकेशन में फेल तो कोई मिला अलर्ट

## कई थानाक्षेत्रों में अचानक पहुंचे आईपीएस निमिष दशरथ पाटिल, गश्त और ड्यूटी व्यवस्था की परखी हकीकत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन में शनिवार देर रात उस समय पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, जब डीसीपी ट्रासं हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने अचानक कई थाना और चौकी क्षेत्रों में औचक निरीक्षण शुरू कर दिया। एक के बाद एक अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर उन्होंने रात्रि गश्त, पुलिस कर्मियों की लोकेशन, सतर्कता और ड्यूटी के प्रति उनकी जिम्मेदारी की वास्तविक स्थिति को परखा।

मौसम में बदलाव के साथ ही रात के समय आपराधिक गतिविधियों की आशंका को देखते हुए डीसीपी ने पुलिस की फील्ड व्यवस्था को जांचने का निर्णय लिया। देर रात शुरू हुई इस चेकिंग के दौरान उन्होंने शालीमार गार्डन, टीलामोड़, कौशांबी, इंदिरापुरम और साहिबाबाद क्षेत्र में कई जगह पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की मौजूदगी और उनकी सक्रियता की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई पुलिसकर्मी पूरी तरह अलर्ट और सक्रिय नजर आए, जो अपनी लोकेशन और गश्त से संबंधित जानकारी तुरंत देने में सक्षम थे। वहीं कुछ चौकी प्रभारी और गश्त पर तैनात कर्मी अपनी लोकेशन स्पष्ट रूप से नहीं बता सके, जिस पर डीसीपी ने नाराजगी भी जताई और उन्हें ड्यूटी के प्रति अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए।

### एसीपी भी रखें प्रभारियों पर नजर




**करंट क्राइम :** डीसीपी ने संबंधित एसीपी और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि बीट पुलिसिंग और रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। संवेदनशील स्थानों पर नियमित चेकिंग की जाए और संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गश्त के दौरान पुलिस वाहन लगातार मूवमेंट में रहें और क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार डीसीपी ने गश्त पर तैनात कई पुलिस वाहनों की लोकेशन भी क्रॉस चेक की और चौकी प्रभारियों से उनके क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। अचानक हुई इस कार्रवाई से कई पुलिसकर्मी हड़बड़ा गए, जबकि कुछ पूरी तैयारी और सतर्कता के साथ ड्यूटी करते दिखाई दिए। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारियों की सक्रियता का असर अब फील्ड में भी साफ दिखाई देने लगा है। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में त्योहारों और भीड़भाड़ के मद्देनजर इस तरह की औचक चेकिंग और निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# राजनीति में ईर्ष्या का सच: प्रतिद्वंद्वियों से नहीं कई बार अपनों से होती है जलन: बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ईर्षा भी बड़ा विचित्र दोष है , यह होती भी है तो अपने मिलने वालों से होती है. यह किसी अंजान अपरिचित व्यक्ति से नहीं होती .जो सड़क पर जा रहा है , जिसे हम नहीं जानते जिससे हमारा कभी कोई सरोकार नहीं रहा ,उससे कभी कोई ईर्षा नहीं होती. कई बार तो ये अपने बहुत निकट के व्यक्ति से हो जाती है. कई बार उससे भी हो जाती है जिसके साथ हमारा बड़े सहयोग का रिश्ता रहा है।

हमने अनेक बार उसके साथ और उसके लिए काम किया है. उसने भी हमें अनेक बार सहयोग किया है. कई बार संबंधों की प्रगाढ़ता ही ईर्षा का कारण बन जाती है. जिसके साथ हम बराबर काम करते हैं तो हमें लगता है कि यह भी तो हम जैसा ही है . हमें लगता है कि ये भी तो हमारे जैसा है , इसमें हमसे कोई श्रेष्ठता नहीं है , फिर ये क्यों आगे बढ़ रहा है ? उसका आगे बढ़ना भी हमारे अंदर ईर्षा बढ़ा देता है. वैसे ईर्षा सभी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों में होती है लेकिन राजनीति में ईर्षा कुछ ज्यादा ही पनपती है. राजनीति में जिनसे प्रतिद्वंदिता है , उनसे ईर्षा स्वाभाविक हो सकती है लेकिन जिससे कभी प्रतिद्वंदिता नहीं



रही उससे ईर्षा होना असामान्य स्थिति है . कई बार तो हमें उन से भी ईर्षा होती है जो लड़ाई से ही बाहर हैं , अपने घर बैठे हैं लेकिन वे खुश क्यों हैं ,उन्हें सम्मान क्यों मिलता है , ये भी हमें ईर्षा से भर देता है. ये ईर्षा की पराकाष्ठा है.

राजनीति में प्रतिद्वंदिता के क्षेत्र बहुत हैं. तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद क्यों है ? ये ईर्षा का एक बड़ा कारण हो सकता है. ये अच्छा वक्ता है , ये अच्छा लिखता है , ये कर्मठ है , ये हमसे आगे क्यों बढ़ रहा है.इसके पास हमसे ज्यादा साधन नहीं हैं , इसके हमसे अधिक नेताओं से संपर्क नहीं हैं , फिर भी आगे क्यों बढ़ रहा है , ऐसे कई कारण ईर्षा के कारण बनते हैं. हम अपने कष्टों से अधिक दूसरे के सुखों से अधिक दुखी हैं ।

हम किसी से ईर्षा रखें , उसे देखकर हमारे मन में नकारात्मकता उत्पन्न हो , हमे उसका आना , उससे मिलना अच्छा न लगे ये एक बात है लेकिन हम ईर्षा से भर कर उसे हानि पहुंचाने के लिए प्रयास करें , जो उसे हानि पहुंचाने की स्थिति में है , उसे भड़काएं , उसे हानि करने के लिए प्रेरित करें ये ईर्षा का अतिवाद है.

जब हम ईर्षा से भरे होते हैं तब हम भूल जाते हैं कि हमारी इस ईर्षा से उसे हानि हो या न हो लेकिन हमारे मन मस्तिष्क और शरीर को हानि प्रारंभ हो जाती है.जैसे दीमक लकड़ी को और शुगर का रोग शरीर को खोखला करता है वैसे ही ईर्षा हमारे मन और आत्मा को मलिन करती है. हमारे व्यक्तित्व की कांति को मलिन करती है. हमारे मन में उस व्यक्ति को देखते ही हीनता की भावना जागृत हो जाती है , जिससे हम ईर्षा करते है. ये ईर्षा से कुछ पीड़ा हो या न हो , उसे हमारी भावना का आभास हो ना हो , हमारे मन शरीर और मस्तिष्क में नकारात्मकता भर जाती है.इस ईर्षा का प्रभाव उन व्यक्तियों पर सबसे अधिक होता है जिनका दोहरा चेहरा है . जो अच्छे होने का पाखंड करते हैं लेकिन मन में सदैव ईर्षा भरी रहती है।

ईर्षा एक दोष है . इससे बचा जाय ये व्यक्ति के स्वयं के लिए सबसे अच्छा है. जीवन में सुख सभी उपलब्धियों से बड़ा है . हम बड़ी बड़ी उपलब्धियां पाकर सुखी होना चाहते हैं लेकिन अगर हम ईर्षा की आग में जल रहे हैं तो हमारी सारी उपलब्धि सुख नहीं दे पाती हैं. सरलता में सुख है . सहजता में सुख है . अपने मन की सत्य भावना की अभिव्यक्ति में सुख है. संतोष में सुख है ।

### 1. ईर्ष्या अक्सर अपने ही लोगों से होती है
- ईर्ष्या किसी अजनबी व्यक्ति से नहीं होती, बल्कि उन लोगों से होती है जो हमारे करीब होते हैं, जिनके साथ हमारा संपर्क, सहयोग या बराबरी का रिश्ता होता है।

### 2. बराबरी की भावना ईर्ष्या को जन्म देती है
- जब हमें लगता है कि सामने वाला व्यक्ति हमारे जैसा ही है और फिर भी वह हमसे आगे बढ़ रहा है, तो यही भावना कई बार ईर्ष्या का कारण बन जाती है।

### 3. राजनीति में ईर्ष्या अधिक दिखाई देती है
- राजनीति में प्रतिद्वंदिता और तुलना ज्यादा होने के कारण ईर्ष्या का भाव भी अधिक पनपता है, जहां अक्सर लोग दूसरों की प्रगति से असहज हो जाते हैं।

### 4. ईर्ष्या का अतिवाद दूसरों को नुकसान पहुँचाने तक पहुँच जाता है
- जब ईर्ष्या बढ़ जाती है तो व्यक्ति केवल मन में नकारात्मकता नहीं रखता, बल्कि सामने वाले को नुकसान पहुँचाने के प्रयास भी करने लगता है।

### 5. ईर्ष्या सबसे पहले स्वयं को नुकसान पहुँचाती है
- ईर्ष्या दूसरे को नुकसान पहुँचाए या नहीं, लेकिन यह व्यक्ति के मन, शरीर और व्यक्तित्व को भीतर से खोखला कर देती है और जीवन के सुख को नष्ट कर देती है।

09 Mar -26 page 4 08-03-26 10:24 PM Page 1



## संपादकीय

# न्याय में देरी अन्याय

किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। अगर किसी नागरिक को न्याय पाने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़े, तो आखिर उसका क्या महत्त्व रह जाता है! माना जाता है कि समय पर न्याय न मिलना अन्याय के समान होता है। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में बड़ी संख्या में लोगों को इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है। न्याय में देरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लंबित मामलों का बोझ, न्यायाधीशों की कमी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया भी शामिल है। मगर, जब अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद भी वर्षों तक न्याय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़े, तो उसे किस रूप में देखा जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में ऐसे ही तीन आपराधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित किए हैं। इन मामलों में उच्च न्यायालय ने छह वर्ष पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन पर अब तक निर्णय नहीं सुनाया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है। किसी भी नागरिक को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा होता है कि उसे न्याय अवश्य मिलेगा। मगर न्याय में देरी पीड़ितों को न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने फैसले में माना है कि समय पर न्याय न मिलना कानून के शासन के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

यह सच है कि देश में लंबित मुकदमों का बोझ भी समय पर न्याय न मिलने का एक बड़ा कारण है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2025 तक देश भर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। माना जाता है कि न्यायाधीशों की कमी और लंबी एवं जटिल न्यायिक प्रक्रिया की वजह से भी मामलों की सुनवाई में देरी होती है। ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिहाज से न्यायाधीशों की कमी को दूर किया जाए, न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ एवं सरल बनाया जाए और अदालती कार्यवाही पूरी होने पर न्याय में किसी तरह की देरी न हो, ताकि न्यायपालिका पर आम लोगों का भरोसा कायम रहे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पादने से शरीर का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता हैं।
- काले रंग के लोगो को कम दिल का दौरा पड़ता हैं।
- आप चौंक जायेंगे जब आप देखेंगे कि कोका कोला का इस्तेमाल टायलेट धोने में भी किया जा सकता है।
- आपके पेट में एक दुसरा दिमाग होता है जिसे एनट्रेरिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। इसी से अंग्रेजी में अक्सर कही जाने वाली लाइन गट फीलिंग आती है।
- महिलाएं सामान्य तौर पर ऐसे सवाल पुछती हैं जिनके जवाब उन्हें पहले से पता होते हैं, इसलिये बेहतर होगा कि आप सच ही कह दें।
- ज्यादा सोचना एक किस्म की निराशा की तरफ बढता है और आप खुद को सामाजिक और भावनात्मक तौर पर अकेला पाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया की खोज जेम्स कुक ने की थी।
- आप जिस लिफ्ट में हैं और वो नीचे गिर रही है तो आप लिफ्ट के बीच में लेटकर खुद को बचाएं।
- जब आप झूठ बोलते है आपकी नाक गर्म हो जाती है।
- अगर आप किसी को पहले से संदेश भेजते हैं तो 90 प्रतिशत संभावना है कि वो इंसान आप में रुचि नहीं रखता है।
- होमोसेक्सुएलिटी को स्वीडन में 1979 तक एकबीमारी समझा जाता था।
- बिल्लियां अपने चेहरे को अगर किसी चीज से घिसती हैं तो उसका मतलब है कि वो उसे अपनी चीज समझती हैं।
- अगर आप हेडफोन का एक घंटे तक इस्तेमाल करते हैं इसका मतलब होता है कि आपके कानों में बैक्टिरिया 700 गुना तक बढ गये हैं।

# लंबा युद्ध बढ़ा सकता है उर्वरक संकट



**नई दिल्ली।** भारत में वर्तमान में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष भविष्य में आपूर्ति के लिए समस्याएं खड़ी कर सकता है। यह चिंता फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड के एक शीर्ष अधिकारी ने व्यक्त की है, जो दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए सबसे बड़े उर्वरक आपूर्तिकताओं में से एक है। देश में फिलहाल किसानों के लिए उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन अगर पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो आने वाले महीनों में समस्या पैदा हो सकती है। यह जानकारी सरकारी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (फैक्ट) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है।

फैक्ट दक्षिण भारत के राज्यों में उर्वरक की बड़ी आपूर्तिकर्ता कंपनी है। कंपनी उर्वरक बनाने के लिए रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल पर निर्भर करती है, जो पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के कई देशों से समुद्री मार्ग के जरिए भारत लाया जाता है।

**1.4 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक :** बताया गया है कि अभी कंपनी के पास करीब 1.4 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक है। मार्च और अप्रैल 2026 के दौरान कंपनी लगभग 1.5 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करने की स्थिति में है।

### फिलहाल देश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता

कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. सक्तिमणि ने बताया कि फिलहाल देश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और खरीफ सीजन के लिए कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि युद्ध की स्थिति एक महीने के अंदर सामान्य हो सकती है। एस. सक्तिमणि के अनुसार वर्तमान में भारत में कोई फसल कटाई का मौसम नहीं है, और यह जुलाई के बाद ही शुरू होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि खरीफ मौसम के लिए यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और उम्मीद है कि युद्ध की स्थिति एक महीने के भीतर सुलझ जाएगी। इससे किसानों को कोई समस्या नहीं होगी।

### सप्लाई पर पड़ सकता है असर

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह स्थिति छह महीने तक बनी रहती है तो अगले फसल सीजन, यानी रबी सीजन में उर्वरक की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। इस संभावना को देखते हुए सरकार और कंपनियां पहले से ही जरूरी कदम उठा रही हैं। फैक्ट न केवल मध्य पूर्व से, बल्कि ऑस्ट्रेलिया से भी गैस प्राप्त करती है। वर्तमान में गैस आपूर्ति में कोई बड़ी समस्या नहीं है, हालांकि कुछ स्थानों पर अस्थिरता है, लेकिन यह उर्वरक क्षेत्र के लिए चिंता का विषय नहीं है। अधिकारी ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने विभिन्न कंपनियों से डाई-अमोनियम फॉस्फेट (ऊअढ) और डबल सुपर फॉस्फेट के स्टॉक की खरीद कर ली है, जिससे कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

कंपनी का लक्ष्य सितंबर 2026 तक खरीफ सीजन के लिए लगभग 5.5 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करना है, जबकि करीब 1 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आयात करने की भी योजना है। कंपनी ने कहा कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार के सहयोग से उर्वरक की सप्लाई बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# महिला दिवस पर गौतम अदाणी ने महिलाओं को दिया सम्मान

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था।

अदाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी। अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर अदाणी फाउंडेशन का नेतृत्व संभाला।



उन्होंने बताया कि अदानी फाउंडेशन आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है। अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी और दीवा अदाणी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा लेकर आई हैं।

# भारत को अमेरिका के साथ प्रतिस्पर्धी देशों से बेहतर ट्रेड डील मिली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को अमेरिका के साथ अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर ट्रेड डील मिली है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ तकनीक, रक्षा और निवेश भी शामिल हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को अमेरिका के साथ अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर व्यापार समझौता मिला है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध बेहद मजबूत और बहुआयामी हैं। गोयल ने पहले भी यह दावा किया है।



रायसीना डायलॉग में बोलते हुए गोयल ने कहा कि अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी अर्थव्यवस्था करीब 30 ट्रिलियन डॉलर की है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध बेहद सकारात्मक रहे हैं और पिछले वर्ष के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत और नरेंद्र मोदी की सराहना की है।

### क्या-क्या बोले गोयल?

गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका रणनीतिक साझेदार हैं और दोनों दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। उनके अनुसार व्यापार समझौते का उद्देश्य अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर बाजार पहुंच दिलाना होता है और इस मामले में भारत को सबसे अच्छा समझौता मिला है।

उन्होंने कहा कि भारत को यह बढ़त अपने पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ एशिया के अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मिली है। गोयल के अनुसार भारत-अमेरिका संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें तकनीक, रक्षा, निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी मजबूत सहयोग शामिल है।

### पहले चरण की रूपरेखा हुई तय

मंत्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा तय हो चुकी है। इसके तहत अमेरिका ने भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी।

# सरकार ने निर्यातकों को राहत देने के लिए उठाया कदम

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आए व्यावधान के बीच सरकार ने निर्यातकों को राहत देने का मन बनाया है। इस बारे में सरकार की ओर से शनिवार को कुछ बड़े एलान किए गए। पिछले महीने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के साझा हमले के बाद व्यापारिक जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में निर्यातकों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।



अब उन्हें भारी नुकसान से बचाने के लिए वाणिज्य और शिपिंग मंत्रालयों ने उनके लिए अनुपालन की समयसीमा बढ़ाने और बंदरगाह शुल्कों में छूट देने का जरूरी फैसला किया है। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर हमला और उसके सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद पश्चिम एशिया में राजनीति के साथ-साथ व्यापारिक माहौल भी तनावपूर्ण हो गया। लड़ाई के बाद बीते एक हफ्ते में समुद्री और हवाई दोनों ही तरह के मालभाड़े में भारी इजाफा हुआ है। इसके साथ ही बीमा कंपनियों ने प्रीमियम भी बढ़ा दिया है। यदि यही हालात लंबे समय तक तक बनी रहती है, तो वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों कीमत से जुड़ी प्रतिस्पर्धा खतरे में पड़ सकती है।

जनवरी के आंकड़ों पर गौर करें तो, देश का निर्यात महज 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 बिलियन डॉलर रहा है।

### निर्यातकों की मांग को देखते हुए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अहम कदम उठाए हैं :

**ऑथराइजेशन की समयसीमा में विस्तार :** 1 मार्च 2026 से 31 मई 2026 के बीच समाप्त होने वाले एडवांस ऑथराइजेशन और ईपीसीजी ऑथराइजेशन की समयसीमा बिना किसी कंपोजिशन फीस के 31 अगस्त 2026 तक बढ़ा दी गई है।

**ईपीसीजी स्कीम का फायदा :** ईपीसीजी (एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स) योजना के तहत घरेलू कंपनियों को ड्यूटी-फ्री मशीनें आयात करने की अनुमति होती है, जिसके एवज में उन्हें तय निर्यात दायित्व पूरे करने होते हैं। यह नई मोहलत मौजूदा फॉरेन ट्रेड पॉलिसी के तहत मिलने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त है।

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने संकट से निपटने के लिए एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) लागू किया है :

**शुल्क में कटौती और छूट :** मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर स्टोरेज रेंट (भंडारण किराया) और चेंज ऑफ वेसल चार्ज को कम करने या पूरी तरह माफ करने पर विचार करें।

**फास्ट-ट्रैक समाधान :** हर पोर्ट पर विभागाध्यक्ष (एचओडी) या उप-विभागाध्यक्ष स्तर का एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा, जिसकी जिम्मेदारी 24 से 72 घंटे के भीतर हितधारकों की समस्याओं का समाधान करना होगी।स्टोरेज और

**प्रायोरिटी हैंडलिंग :** मध्य पूर्व जाने वाले माल को 'ट्रांसशिपमेंट कार्गो' के रूप में स्टोर करने की अनुमति दी जाएगी और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, खराब होने वाले माल और मध्य पूर्व से लौट रहे निर्यात कार्गो को प्राथमिकता के आधार पर हैंडल किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष :** किसी धार्मिक स्थल के दर्शन सुलभ होंगे। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। समय अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृष :** कार्यस्थल पर सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन :** यात्रा से लाभ होगा। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। नया कार्य प्रारंभ हो सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कर्क :** वाणी पर नियंत्रण रखें। फालतू खर्च होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**सिंह :** लाभदायक रहेगी। शत्रु पस्त होंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

**कन्या :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। किसी तरह की बहस में हिस्सा न लें। नए मित्र बनेंगे।

**तुला :** पिछले समय की गई मेहनत का फल अब प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समाजसेवा करने का मन बनेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** कोई बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है। उत्साहहीनता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। दौड़धूप अधिक रहेगी। आय में कमी हो सकती है।

**धनु :** पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। संगीत आदि में रुचि रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मकर :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। व्यावसायिक मतभेद दूर होंगे।

**कुंभ :** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

**मीन :** भावना में बहकर कोई निर्णय न लें। वरिष्ठजनों की सलाह जरूर लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि हो सकती है।

## चुटकुले

आज का ज्ञान
औरों का तो पता नहीं,
लेकिन उसका तो खुशियों से विश्वास ही उठ जाता है,
जिसकी पत्नी का नाम 'खुशी' हो।

---

सुबह-सुबह पत्नी ने कहा - जल्दी से न्यूजपेपर दो।
पति - तुम भी कितने पुराने ख्यालात की हो,
दुनिया कहां से कहां पहुंच गई और
तुम न्यूजपेपर मांग रही हो।
यह लो मेरा टैबलेट।
पत्नी ने टैबलेट लिया और कॉकरोच पर दे मारा।
अब पति सदमे में है।

---

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिसपर
लिखा था - हा. हु. प्र.
पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा - कौन सी
पार्टी के हैं नेताजी?
ड्राइवर - हारे हुए प्रत्याशी।





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# ऑल इंग्लैंड के फाइनल में हारे लक्ष्य सेन खिताब से चूके, लिन चुन-यी ने दी मात



**बर्मिंघम।** ऑल इंग्लैंड ओपन का फाइनल मुकाबला आज बर्मिंघम में खेला गया। बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन का सामना चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से हुआ, जिसमें भारतीय शटलर खिताब से चूक गए।

भारत के अनुभवी शटलर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार गए हैं। पुरुष एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में लक्ष्य को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ 15-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला बर्मिंघम में खेला गया। लक्ष्य सेन के पास न केवल खिताब जीतने बल्कि जनवरी में लिन चुन-यी से मिली हार का बदला लेने का भी सुनहरा मौका था, लेकिन वह इससे चूक गए। इससे पहले सेन को इंडिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में लिन चुन-यी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

**सेमीफाइनल में दिखाया जबरदस्त जज्बा:** लक्ष्य सेन ने सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को 1 घंटे 37 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-16, 18-21, 21-15 से हराया था। मैच के बाद लक्ष्य सेन ने कहा था कि उन्होंने सिर्फ हर पॉइंट पर ध्यान दिया। तीसरे गेम की शुरूआत में उनके पैरों में ऐंठन भी महसूस हुई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार संघर्ष करते रहे।

### दूसरी बार ऑल इंग्लैंड के फाइनल में पहुंचे थे लक्ष्य

यह लक्ष्य सेन का दूसरा ऑल इंग्लैंड ओपन फाइनल था, जिसमें वह हार गए। इससे पहले 2022 में वह फाइनल तक पहुंचे थे, जहां उन्हें विक्टर एक्सलसेन से हार का सामना करना पड़ा था। भारत की ओर से इससे पहले प्रकाश पादुकोड़ ने 1980 में खिताब जीता था। पुलेला गोपीचंद ने 2001 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसके अलावा साइना नेहवाल भी 2015 में फाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं।

# सुखबीर सिंह ओहोहोहो पर गूंज उठा स्टेडियम रिकी मार्टिन ने लगाया मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** इंतजार की घड़ी अब खत्म हो गई है। 7 फरवरी से शुरू हुआ टी20 विश्व कप 2026 अब 29 दिन बाद फाइनल मैच तक पहुंच गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टूर्नामेंट की 2 बेस्ट टीम भारत और न्यूजीलैंड की टक्कर होगी। मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा।

निर्णायक मैच से पहले क्लोजिंग सेरेमनी हो रही है। इसमें इंटरनेशनल स्टार रिकी मार्टिन, पॉपुलर इंडियन पॉप और फोक सिंगर फाल्गुनी पाठक और पंजाबी पॉप सिंगर सुखबीर सिंह ने परफॉर्म कर रही हैं।

ग्लोबल पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन, भारतीय संगीत की दिग्गज कलाकार फाल्गुनी पाठक और सुखबीर सिंह ने अपने परफॉर्मेंस से क्रिकेट प्रेमियों को को मंत्र मुग्ध कर दिया। सुखबीर सिंह ने आंख लड़ गई लड़ गई, तारे गिन गिन याद में तेरी से दर्शकों का दिला जीत लिया। रिकी मार्टिन ने मारिया-मारिया गाकर दर्शकों को कुर्सी छोड़ने पर मजबूर किया।

दो बार ग्रैमी पुरस्कार और 5 बार लैटिन ग्रैमी पुरस्कार जीत चुके रिकी मार्टिन अपनी दमदार इंटरनेशनल परफॉर्मेंस से मैदान पर मौजूद दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

मार्टिन के हिट गानों में 'लिविन ला विडा लोका', 'शी बैंग्स' और फुटबॉल का मशहूर गीत 'द कप ऑफ लाइफ' (ला कोपा डे ला विडा) शामिल हैं। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में फैंस का दिल जीत लिया।



# भारत ने तीसरी बार जीता टी- 20 विश्वकप न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराया



**अहमदाबाद।** टी20 विश्वकप 2026 का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारत ने 255 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 159 रन पर सिमट गई।

भारत टी20 विश्व कप का चैंपियन

भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया है। भारत के 255 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने तीसरी बार टी20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है।

न्यूजीलैंड को 153 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। बुमराह ने जेम्स नीशम और मैट हेनरी के बाद मिचेल सैंटनर के क्लीन बोल्ड किया। भारत चैंपियन बनने से एक विकेट दूर है। बुमराह ने इससे पहले रचिन रवींद्र को आउट किया था।

11वें ओवर में अर्शदीप और डेरिल मिचेल के बीच नोकझोंक देखने को मिली। ओवर की पांचवीं गेंद पर मिचेल डिफेंसिव शॉट खेला और गेंद बाउंस करते हुए अर्शदीप के पास पहुंची। अर्शदीप ने फॉलो थ्रू में गेंद मिचेल के जांघ पर मार दी। इससे मैदान में थोड़ी देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। अर्शदीप सिंह ने ऑफ स्टंप के बाहर वाइड यॉर्कर डाली, जिसे डेरिल मिचेल ने सीधे पिच की तरफ खेल दिया। इसके बाद अर्शदीप ने विकेट की ओर थ्रो मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद मिचेल की जांघ (थाई) पर जा लगी। इससे मिचेल काफी नाराज हो गए और वह आक्रामक अंदाज में अर्शदीप की ओर बढ़ते हुए हाथों से इशारे करते नजर आए।

## जापान ने दागे 11 गोल, इंडिया को मिली अब तक की सबसे शर्मनाक हार

AFC WOMEN'S ASIAN CUP™

**एएफसी महिला एशियाई कप में भारतीय महिला फुटबॉल टीम को पूर्व चैंपियन जापान के हाथों 0-11 की करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम ग्रुप सी में अंतिम स्थान पर खिसक गई है। इस बड़ी हार ने भारत की क्वार्टर फाइनल की राह को बेहद मुश्किल बना दिया है, जहाँ अब उसे अगले मैच में चीनी ताइपे पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।**



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शनिवार को यहां एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला एशियाई कप के ग्रुप सी के अपने दूसरे मुकाबले में पूर्व चैंपियन जापान से 0-11 से करारी हार का सामना करना पड़ा। फीफा महिला विश्व कप के पूर्व चैंपियन और विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान मैच शुरू होने से पहले ही जीत का प्रबल दावेदार था। टीम ने मुकाबले शुरू होते ही अपना दबदबा कायम किया और शुरूआती हाफ में 5-0 की बढ़त बनाकर अपनी जीत लगभग पक्की कर ली। टीम ने दूसरे हाफ में भी छह गोल दागे। जापान ने जिस अंदाज में दबदबा बनाया उससे दोनों टीमों के स्तर में भारी अंतर साफ नजर आया और यह भी दिखा कि शीर्ष स्तर की टीमों से मुकाबला करने के लिए भारत को अभी लंबा सफर तय करना है।

2014 और 2018 के चैंपियन जापान ने मैच में एकतरफा अंदाज में गेंद पर कब्जा बनाए रखा और अधिकांश समय खेल भारतीय हाफ में ही चला। चार महीने से अंतरराष्ट्रीय मैच खेले बिना टूर्नामेंट में उतरी भारतीय टीम पूरे मुकाबले में किसी क्लब टीम की तरह संघर्ष करती दिखी। जापान के लिए युजुकी यामामोटो (चौथे मिनट), युई हसेगावा (13वें), हिनाता मियाजावा (20वें, 35वें, 81वें), किको सेइके (45+5वें, 55वें), रिको उईकी (47वें, 50वें, 65वें) और माया हिजिकाता (62वें) ने गोल दागे। इस करारी हार के बाद भारत ग्रुप सी में शून्य अंक और माइनस-12 गोल अंतर के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

यह नतीजा भारत की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म नहीं करता। भारतीय टीम मंगलवार को अगर अपने अंतिम ग्रुप मैच में चीनी ताइपे को दो गोल के अंतर से हरा देती है और कुछ अन्य परिणाम उसके मुताबिक रहे तो वह ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच सकती है। भारत के लिए हालांकि उच्च रैंकिंग वाली चीनी ताइपे को हराना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम इससे पहले अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हार गयी थी। चीनी ताइपे ने शनिवार को एक अन्य मैच में वियतनाम को 1-0 से हराया।

# 4 बार भारतीय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

टी- 20 विश्वकप

## वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी दो-दो बार खिताब अपने नाम किया है




**अहमदाबाद।** टी20 विश्वकप के इतिहास में भारत का योगदान बेहद खास रहा है। भारत ने दो बार खिताब जीता, चार बार उसके खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने और कई फाइनल मुकाबलों में भारतीय सितारों ने हीरो बनकर टीम को गौरव दिलाया। विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी इस फॉर्मेट में भारत की पहचान बन चुके हैं।



विराट कोहली- 2014
विराट कोहली- 2016
जसप्रीत बुमराह- 2024

टी20 विश्वकप 2026 अपने अंजाम तक पहुंचने वाला है। आज अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले फाइनल के साथ ही फटाफट क्रिकेट का महाकुंभ समाप्त हो जाएगा। आईसीसी टी20 विश्वकप की शुरूआत साल 2007 में हुई थी। पहला संस्करण दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था। तब से अब तक 10 संस्करण हो चुके हैं। तीन टीमों ने दो-दो बार खिताब जीते: भारत ने अब तक 2007 और 2024 में, यानी दो बार टी20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। 2024 में वेस्टइंडीज में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर भारत ने 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी सूखा भी खत्म किया था। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी दो-दो बार खिताब अपने नाम किया है।

टी20 विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटका अवॉर्ड पूरे टूर्नामेंट में सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। इस मामले में भारतीय खिलाड़ी सबसे आगे रहे हैं।

विराट कोहली टी20 विश्वकप इतिहास के इकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने का गौरव हासिल किया। 2014 में उन्होंने भारत को लगभग अकेले दम पर फाइनल तक पहुंचाया, जबकि 2016 में उनकी कई बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत सेमीफाइनल तक पहुंचा था। हालांकि, सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज से हारकर टीम इंडिया बाहर हो गई थी। वहीं 2024 में जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी से पूरे टूर्नामेंट में बल्लेबाजों को नाच नचा दिया।

### टी20 विश्वकप फाइनल में भारत के हीरो

2007 में इरफान पठान ने की थी घातक गेंदबाजी

भारत जब-जब टी20 विश्वकप फाइनल में पहुंचा, वहां कुछ खिलाड़ियों ने यादगार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। दक्षिण अफ्रीका में खेले गए पहले टी20 विश्वकप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराया। उस मुकाबले में इरफान पठान को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। गेंद से उनका योगदान भारत की जीत की नींव बना। उस मैच में पठान ने नाबाद तीन रन बनाए थे, जबकि गेंद से उन्होंने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके थे।


# भारत की बेटियों ने मैदान से लेकर आसमान तक मचाई तबाही, खेल जगत में बढ़ाया देश का मान

**नई दिल्ली।** दुनिया में महिला दिवस मनाया जा रहा है। वहीं देश की आधी आबादी आज के दौर में किसी से कम नहीं हैं। देश की बेटियों ने हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ाया है। साल 2025 में कुछ ऐसी महिला एथलीटहुईं हैं जिन्होंने मैदान की सीमाओं को लांघकर सफलता की एक नई इबादत लिखी है।

8 मार्च को पूरी दुनिया में महिला दिवस मनाया जा रहा है। वहीं देश की आधी आबादी आज के दौर में किसी से कम नहीं हैं। देश की बेटियों ने हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ाया है। साल 2025 में कुछ ऐसी महिला एथलीटहुईं हैं जिन्होंने मैदान की सीमाओं को लांघकर सफलता की एक नई इबादत लिखी है। क्रिकेट के मैदान से लेकर शतरंज की बिसात तक महिला खिलाड़ियों ने अपने हुनर का लोहा मनवाया है। हमारी इस खास रिपोर्ट में उन चुनिंदा महिलाओं के बारे में बताते हैं जो खेल जगत में सुपरविमेन बन कर उभरी हैं।










शीतल देवी

जहां हम बिना हाथों के किसी भी काम को करने के बारे में सोच के भी डर जाते हैं वहां शीतल देवी देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी मिसाल बनी हैं। जम्मू-कश्मीर की शीतल देवी अब पैरा आर्चरी की दुनिया में एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। 2025 में उन्होंने अपनी बादशाहत कायम की। इश बेटी ने साउथ कोरिया में आयोजित वर्ल्ड पैरा आर्चरी चैंपियनशिप 2025 में व्यक्तिगत कंपाउंड इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया था। शीतल देवी के हाथ नहीं हैं लेकिन वो पैरों और कंधों की मदद से अचूक निशाने के लिए पहचानी जाती हैं। उन्होंने महज 18 साल की उम्र में वर्ल्ड पैरा आर्चरी चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी को मात देकर देश को गोल्ड दिलाया था।

**सुरुचि सिंह**

भारत के लिए निशानेबाजी की दुनिया में नया चेहरा बनकर उभरी सुरुचि सिंह ने साल 2025 की सबसे सटीक शूटर बनकर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने म्यूनिख और ब्यूनस आयर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में लगातार तीन व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतकर गोल्डन ट्रेबल का दुर्लभ कारनामा कर दिखाया था। खास बात ये है कि सुरुचि वर्तमान में 10 मीटर एयर पिस्टल श्रेणी में दुनिया की नंबर-1 रैंकिंग वाली महिला निशानेबाज हैं।

पेरू के लीमा में हुई आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 में जब भारती निशानेबाज सुरुचि सिंह ने महिलाओ की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में गोल्ड जीता था। तब उन्होंने अपने ही देश की मनु भाकर को हराया था।

**दिव्या देशमुख**

वहीं शतरंज जैसे खेल में पुरुषों का दबदबा होने के बावजूद दिव्या देशमुख ने शतरंज की दुनिया में बड़ा नाम कमाया है। दिव्या ने 2025 में इस खेल में अपनी चालों से दुनिया के दिग्गज ग्रैंडमास्टर्स को मात दी है। दिव्या ने जुलाई 2025 में जॉर्जिया के बाटुमी में आयोजित फिडे महिला शतरंज वर्ल्ड कप 2025 जीतकर इतिहास रचा था। दिव्या ने अनुभवी कोनेरू हम्पी को मात देकर ये खिताब अपने नाम किया था। इसके साथ ही दिव्या इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला बनी हैं। जिसके बाद उन्हें अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि भी दी गई, जो भारतीय शतरंज के इतिहास में एक मील का पत्थर है। स्मृति मंधाना

दुनिया की बेहतरीन महिला क्रिकेटरों में से एक भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपने क्रिकेट करियर में कई उपलब्धियां अपने नाम की है। उन्होंने न केवल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम इंडिया को पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप का चैंपियन बनाया।

खास बात ये है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महज 50 गेंदों में शतक जड़कर विराट कोहली के सबसे तेज भारतीय अंतर्राष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। उनके इसी असाधारण प्रदर्शन के लिए उन्हें बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स विमेन ऑफ द ईयर 2025 के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। मंधाना ने वनडे वर्ल्ड कप 2025 के 9 मैचों में 54.25 की औसत से 434 रन बनाकर भारत की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी थीं।




# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस कमिश्नरेट में उल्लास और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित









**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उल्लास और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पुलिस की महिला अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में महिलाओं की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी घंटाघर कोतवाली उपासना पांडे तथा एसीपी श्वेता यादव सहित पिंक बूथ प्रभारी और मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी महिला अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सशक्त बनने का संदेश दिया।

कई स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भी पुलिस की महिला अधिकारियों ने भाग लिया और छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रमों के दौरान अधिकारियों ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। चाहे वह सेना हो, पुलिस हो, प्रशासनिक सेवाएं हों, खेल जगत हो या अन्य कोई क्षेत्र–महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से हर जगह अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। महिला अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध से बचाव के उपाय और महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अपराध होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। यदि समाज और परिवार का सहयोग मिले तो महिलाएं और भी ऊंचाइयों को हासिल कर सकती हैं।

इस अवसर पर महिला सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण संदेश दिए गए, जिससे उपस्थित महिलाओं और छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

## खोड़ा अग्निकांड: पीड़ित परिवार से मिले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, निष्पक्ष जांच और आर्थिक मदद के दिए निर्देश





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा के न्यू अजंता पार्क में हुए अग्निकांड, जिसमें दो लोगों की असमय मृत्यु हो गई, ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने न केवल शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की, बल्कि प्रशासन को तत्काल राहत कार्यों में जुटने के कड़े निर्देश भी दिए।

मौके पर एसडीएम को बुलाकर दिए जांच के आदेश कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद एसडीएम सदर को तुरंत मौके पर तलब किया। उन्होंने अधिकारियों से पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाना जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

**आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन :** पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति और नुकसान को देखते हुए मंत्री ने एसडीएम को निर्देशित किया। सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता को तत्काल प्रक्रिया में लाया जाए। पीड़ित परिवार को शासन की ओर से हर संभव मदद जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए।

जांच में यदि किसी की लापरवाही सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मैंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि सहायता राशि पहुंचाने में कोई देरी न हो। इससे पहले भी ट्रांसफार्मर में आग लगने जैसी घटनाओं के दौरान वे प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें मदद का भरोसा दिलाते रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पार्षद धीरज अग्रवाल ने महिलाओं को किया सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शक्ति खंड-4 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके जज्बे को सराहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। उनके साथ मंडल मंत्री नूपुर अग्रवाल, प्रियंका, पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना और इंदिरापुरम सोशल मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

हर क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू रही हैं महिलाएं मुख्य अतिथि धीरज अग्रवाल ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहाः आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। वे न केवल नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास में भी उनकी भूमिका आधार स्तंभ जैसी है। महिलाओं को अपने सपनों के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए।₹

वहीं, प्रयाम सक्सैना ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज की अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने क्लिनिक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के योगदान को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना वक्त की जरूरत है।

प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त करना रहा कार्यक्रम के अंत में फिजियो एन फिटनेस क्लिनिक की टीम ने आए हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## हापुड़ मार्ग राज चैपले के निकट लगा लंबा जाम



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हापुड़ मार्ग पर राज चैपले के निकट रेलवे क्रॉसिंग आरओबी निमार्णाधीन कार्य के चलते रविवार को लंबा जाम लग गया। पुलिस ने किसी तरह कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलावाया। हापुड़ मार्ग पर राज चैपले के निकट रेलवे क्रॉसिंग आरओबी निमार्णाधीन कार्य प्रगति पर है। रविवार को भी कार्य जारी रहा। इस दौरान हापुड़ मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते लंबा जाम लग गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। आरओबी निर्माण के दौरान यंहा जाम की समस्या प्रमुख बनी हुई है। निर्माणधीन कंपनी से इस संबन्ध में संबन्धित विभाग कई बार सड़क के चैड़ीकरण व जाम से निजात की बात कह चुका है। लेकिन प्रशासन की बातों को ध्यान नही रखा जा रहा है। जिस कारण आमजन को जाम लग जाने से भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। संबन्धित अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही सड़क का चैड़ीकरण कराकर जाम की समस्या से निजात दिलाई जायेंगी।

## महिला दिवस पर फिट इंडिया महिला जूडो प्रतियोगिता का हुआ समापन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय जुडो प्रतियोगिया का महामाया स्टेडियम में समापन हुआ प्रतियोगिता मे विजयी महिला खिलाडीयो को भा० ज०पा० के वरिष्ठ नेता व लभनि पार्षद पप्पू नागर ने पुरस्कृत किया इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी के० धनुक व जुडो प्रभारी रूपे सह-सचिव संदीप यादव ने विजेता खिलाडीयों को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**प्रतियोगिता में निम्न खिलाडी विजयी रहे**

| -40 किग्ता | - 44 विरुग्ता | -52 किग्ता |
|---|---|---|
| 1- कनिका | जिज्ञासा गोरे | - |
| 2-व्थनिता | किर्ति मांचाल - | डोली |
| 3- समिक्षा ||| | मोहिनी | दल्या - |
| 4- शगुन माण्डे-गा | कल्पना | तुलिका |

+ 57-किरता
1. मुस्कान 2.अन्शिका 3. आकृति

सन्दीप यादव
सह सचिव/ प्रभारी जूडो गाजियाबाद

## महिला दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्यए पोषण, एनीमिया की रोकथाम, नियमित टीकाकरण तथा परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही विमेंस हेल्प लाइन नंबर शेयर किए गए, ओर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सामग्री वितरित की गई और उन्हें अपने परिवार एवं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियो की समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। डॉ0 रवि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर द्वारा कहा कि महिलाओं का सशक्त और स्वस्थ होना समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर के स्वास्थ्य कर्मियों, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा कार्यकताओं तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ किया गया।




## कई जोन में खोजे जा रहे हैं बेस्ट टू-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होली का त्योहार बीतने के बाद अब माहे रमजान और फिर नवरात्र की तैयारी धीरे-धीरे शुरू हो गई हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरह से शनिवार की रात अभियान चलाया गया है उसकी गूंज सुनाई दे रही है। वहीं नदिया पार वाले जोन में रात वाली एक्सरसाइज हुई है, जिसको लेकर बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस तरीके की एक्सरसाइज और भी जोन में देखने को मिलेगी। पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों की ओर से सुनने में आ रहा है कि अधिकारियों को शिकायत मिली है की चौकी प्रभारी रात को किसी भी समय इलाके से गोल हो जाते हैं। तो हालात और हाल थानों के प्रभारियों के भी काफी सेम ही बताए जा रहे हैं। कई की लोकेशन को दूसरे जोन तक में पहुंच रही है। जानकारी मिली है कि सिटी से लेकर नदिया पार और देहात वाले जोन के कई थाना प्रभारियों की ऐसी शिकायत पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी के पास पहुंची थी। अब बताया जा रहा है इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही अलग-अलग जोन के लिए बेस्ट दरोगाओं की खोज शुरू होने वाली है। मौसम में जिस तरीके की गर्मी आनी शुरू हुई है। तो आने वाले दिनों में स्नैचिंग और चोरी का ग्राफ बढ़ेगा। यह ग्राफ पुलिस के अधिकारियों के टेंशन बढ़ाएगा। तो वहीं साप्ताहिक और 15 दिन में होने वाली बैठकों में पुलिस के अधिकारियों को तनाव देगा। जिसमें आंकड़ा टेंशन के रूप में फेस करना पड़ेगा,उधर पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और नदिया पार वाले जोन में बेस्ट दरोगा की खोज शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि कई प्रमुख चौकियों के लिए नाम तलाशे जा रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि सिटी में एक थाने की दो से तीन चौकियों पर लगातार शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। थाने वाले थ्री-स्टार मीठी-मीठी बात करके मामलों को सुलझाने में लगे हैं लेकिन लग नहीं रहा है की सफलता मिल पाएगी। तो बताया जा रहा है कि जिन जोन के लिए बेस्ट थ्री-स्टार खोजे जा रहे हैं, उनका नाम तय होते ही बताया जा रहा है की लिस्ट जारी हो जाएगी। इन सबके बीच लोकल लिस्ट से ज्यादा अब लखनऊ वाले साहब लोगों की लिस्ट का वेट हो रहा है। कुल मिलाकर देखना होगा कि मार्च की किस तारीख में लिस्ट आती है या इंतजार करते करते अप्रैल की डेट आ जाती है।



## सेवा भारती द्वारा जनपदस्तरीय वार्षिकोत्सव व सेवा संगम का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सेवा भारती नामक संगठन का यंहा वार्षिकोत्सव व सेवा संगम समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी गुरबीर सिंह गांधी व विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह ने अपने विचार रखे। एसआरएम आईटीएस के विशाल प्रांगण में आयोजित हुये कार्यक्रम में संस्कार शिक्षा स्वाालंबन केन्द्र के बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति एंव सामाजिक सेवा में अग्रीणी भूमिका निभाने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षाविद्व अजय ग्रोवर, विशिष्ट अतिथि धनकुमार रूहेला, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह संगठन के सह प्रान्त सेवा प्रमुख मेरठ प्रान्त अशोक कुमार आदि ने अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में नारी शक्ति संस्था की अध्यक्षा शोभा चैधरी, रानी लक्ष्मीबाई फॉउंडेशन की अध्यक्षा कुसुम सोनी, मातृभूमि सेवा संघ के अध्यक्ष विकास भारती, कल्याण देव संस्था, वृद्व आश्रम गोविन्दपुरी से रूपचंद शर्मा आदि को सामाजिक सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक योगेन्द्र चैधरी, सेवा भारती के मंत्री व कार्यक्रम के संचालक आनन्द त्यागी कोषाध्यक्ष संदीप जैन आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, व्यापार मंडल से महेश तायल, अमरीश गोयल, स्वदेश जैन, अमित गोयल, सार्थक त्यागी, कथावाचक अशोक ओझा सहित अनेक प्रबुद्व नागरिक मौजूद रहें।

## बदहाली के आंसू रो रहा इंदिरापुरम का स्वर्ण जयंती पार्क, कूड़े के ढेर और अंधेरे से लोग परेशान



### जनता की पुकार: कोई नहीं सुनता हमारी शिकायत

**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से इसकी लिखित और मौखिक शिकायत की है, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पार्क की स्थिति नहीं सुधारी गई और ट्रांसफार्मर चोरी हो गया अभी तक दूसरा नही लगा लोग बोले बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि स्वर्ण जयंती पार्क बदहाल स्थिति में है 8 माह से ट्रांसफार्मर नहीं है इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों को कई बार किया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम क्षेत्र का फेफड़ा कहे जाने वाले और मॉर्निंग वॉकर्स की पहली पसंद 'स्वर्ण जयंती पार्क' अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा है। रखरखाव के अभाव में पार्क अब घूमने लायक नहीं बचा है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पार्क की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, लेकिन प्रशासन मौन साधे बैठा है।

कूड़े के ढेर और गंदगी का साम्राज्य पार्क में आने वाले लोगों ने बताया कि जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा बना रहता है। जो पार्क कभी हरियाली और ताजी हवा के लिए जाना जाता था, वह अब गंदगी का केंद्र बन गया है। शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग और संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शाम होते ही पूरा पार्क अंधेरे में डूब जाता है, जिससे सुरक्षा का खतरा भी बना रहता है। पीने के पानी का संकट स्वर्ण जयंती पार्क आने वाले लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि गर्मी के बावजूद पार्क में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वॉटर कूलर और नल शोपीस बनकर रह गए हैं। सैर पर आने वाले बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा हमेशा से सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्होंने अपने परिवार की मातृ शक्ति को नारी शक्ति को स्थान दिया। संस्कृत के स्लोक से नारी महिमा को बताया। नारी सम्मान के इस भाव को पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बांग्लादेश में मंदिर के पास विस्फोट सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश



**ढाका।** बांग्लादेश के कोमिला में कंकलिताला मंदिर के पास हुए सीरियल बम धमाके से दहशत का माहौल हो गया। इस विस्फोट में तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें मंदिर का पुजारी भी है। इस घटना के पीछे सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका जताई गई है।

बांग्लादेश के कोमिल्ला शहर में कलागाछितला मंदिर और पास की सड़क के पास हुई सिलसिलेवार पेट्रोल बम धमाकों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मंदिर के पुजारी केशव चक्रवर्ती और स्थानीय निवासी अब्दुल बारेक शामिल हैं। तीसरे घायल व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटना शनिवार शाम (07 मार्च) की है, जिसके चलते सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका जताई जा रही है।

कोमिल्ला पुलिस अधीक्षक मो. अनीसुज्जमान ने बताया कि पुजारी और दो अन्य, जिनमें एक राहगीर भी शामिल है, विस्फोटों में घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान चला रही है।

कोटवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी मो. तौहीदुल अनवर ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।

उन्होंने कहा, 'इस समय, हम मकसद की पुष्टि नहीं कर सकते या विस्फोटों के पीछे के लोगों की पहचान नहीं कर सकते। हालांकि, अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं।' सीसीटीवी फुटेज के अनुसार शाम करीब 6:28 बजे एक नकाबपोश व्यक्ति एक बैग लेकर मंदिर परिसर में घुसता है।

# अमेरिका को ईरान की दो टूक, ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने हालिया बयानों पर उठे विवाद पर सफाई देते हुए कहा है कि उनके शब्दों को 'दुश्मनों' द्वारा गलत समझा गया है, जिनका उद्देश्य पड़ोसी देशों के साथ विभाजन पैदा करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। इसी के साथ उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा।



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने हालिया बयानों पर उठे विवाद पर सफाई देते हुए कहा है कि उनके शब्दों को 'दुश्मनों' द्वारा गलत समझा गया है, जिनका उद्देश्य पड़ोसी देशों के साथ विभाजन पैदा करना है



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्टेट टीवी के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है।

अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।

**हमलों को रोकने वाले बयान पर आया जवाब**

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है।

उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई एक मजबूरी है, न कि किसी देश के साथ विवाद या उनके लोगों को नुकसान पहुंचाने की इच्छा। यह बयान ईरान की विदेश नीति के उस पहलू पर प्रकाश डालता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर जोर देता है, भले ही वह अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने को मजबूर हो।

## अमेरिका को दो टूक जवाब ....

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है।

## अपने बयान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने क्या कहा था

इससे पहले अपने बयान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने क्षेत्रीय देशों पर हुए हमलों को लेकर खेद भी व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि हाल में खाड़ी के कुछ देशों पर हुए हमले गलतफहमी के कारण हुए और तेहरान आगे ऐसी घटनाओं को रोकने की कोशिश करेगा। ईरानी मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति ने बताया कि ईरान की अंतरिम नेतृत्व परिषद ने इस फैसले को मंजूरी दी है।

# लारीजानी ईरानी की अमेरिका को खुली चेतावनी

## 'ट्रंप को कीमत चुकानी पड़ेगी'



**तेहरान।** ईरान की ओर से अमेरिका को दी गई यह चेतावनी और दोनों देशों के बीच बढ़ता सैन्य तनाव, मध्य पूर्व में स्थिति को और खतरनाक बना रहा है। इस बीच ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने ट्रंप को कड़ा संदेश दिया है।

ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि ईरान अपने नेता और अपने लोगों के मारे जाने का बदला लेगा। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के बहुत करीबी रहे लारीजानी ने साफ कहा, हम अपने नेता और अपने लोगों के खून का बदला जरूर लेंगे। ट्रंप को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**ईरान-अमेरिका-इस्राइल के बीच बढ़ा तनाव:** यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब ईरान के साथ अमेरिका और इस्राइल एक बड़े सैन्य टकराव में उलझे हुए हैं। लारीजानी ने यह भी कहा कि ईरान अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर हमले कर रहा है और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका को लगा था कि वह युद्ध जल्दी जीत लेगा, जैसा उसने वेनेजुएला में किया था, लेकिन इस बार वह नाकाम रहा।

**ईरान का दावा:** अमेरिकी सैनिक पकड़े गए, अमेरिका का इनकार

इससे पहले अली लारीजानी ने शनिवार को कुछ ऐसे दावे किए जिनसे सनसनी फैल गई। उन्होंने कहा कि ईरान ने कई अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लिया है, जो जेलों में बंद हैं। हालांकि, अमेरिका ने इन दावों को तुरंत खारिज कर दिया। अमेरिका के एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि ईरान के ये दावे उसके झूठ का एक और उदाहरण हैं।

लारीजानी ने ट्रंप पर यह भी आरोप लगाया कि वह ईरान के हमलों में मारे गए छह अमेरिकी सैनिकों की मौत के बारे में झूठी खबरें फैला रहे हैं। उनका कहना है कि असल में मरने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या 500 से ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका धीरे-धीरे मरने वालों की संख्या बढ़ाता है और कभी दुर्घटनाएं तो कभी और बहाने बताता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ अमेरिकी सैनिक बंदी बनाए गए हैं, लेकिन अमेरिका कह रहा है कि वे युद्ध में मारे गए।

**सैन्य कार्रवाई जारी:** इस्राइल ने रविवार को ईरान के तेल ठिकानों पर हमला किया। वहीं, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने बहरीन में अमेरिकी अड्डे पर हमला किया है, जिसका इस्तेमाल ईरान के एक जल शोधन संयंत्र को निशाना बनाने के लिए किया गया था।

# ईरान के परमाणु भंडार पर कब्जे की तैयारी

## अमेरिका-इस्राइल उतार सकते हैं विशेष बल, एक्सियोस की रिपोर्ट में दावा



**वॉशिंगटन।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और इस्राइल एक बड़ा कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों ने ईरान में स्पेशल फोर्स भेजकर वहां मौजूद उच्च स्तर के समृद्ध यूरेनियम के भंडार को अपने कब्जे में लेने की संभावना पर चर्चा की है।

अमेरिका और इस्राइल वर्तमान में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम के भंडार को सुरक्षित करने के लिए विशेष बलों की संभावित तैनाती पर चर्चा कर रहे हैं। यह जानकारी एक्सियोस की एक रिपोर्ट में सामने आई है, जिसमें इस मामले से जुड़े चार सूत्रों का हवाला दिया गया है। यह कदम ईरान के परमाणु संपत्तियों पर बढ़ते फोकस को दशार्ता है, क्योंकि क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार यह ऑपरेशन मौजूदा युद्ध के अगले चरण में किया जा सकता है।

जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु संसाधनों को सुरक्षित करना है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गाय है कि ईरान के परमाणु भंडार के खिलाफ यह मिशन तभी शुरू हो पाएगा, जब ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह से कमजोर हो जाए।

**ईरान के परणामु कार्यक्रम पर सख्त ट्रंप:** अमेरिका-इस्राइल के इस मिशन का मकसद ईरान के पास मौजूद लगभग 450 किलोग्राम 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को अपने नियंत्रण में लेना बताया जा रहा है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ईरान को किसी भी स्थिति में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा।

विशेषज्ञों के अनुसार 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम को बहुत कम समय में 90 प्रतिशत तक संवर्धित किया जा सकता है, जिसे परमाणु हथियार बनाने के लिए आवश्यक स्तर माना जाता है। इसी कारण अमेरिका और इस्राइल इस यूरेनियम भंडार को गंभीर सुरक्षा खतरे के रूप में देख रहे हैं।

**ईरान की जमीन पर उतरेगी सेना**

एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि यदि यह मिशन शुरू होता है तो अमेरिकी या इस्राइली सैनिकों को सीधे ईरान की जमीन पर उतरना पड़ सकता है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस ऑपरेशन को अमेरिका अकेले अंजाम देगा, इस्राइल करेगा या फिर दोनों देश मिलकर इसे पूरा करेंगे।

# 'दुनिया जंगल के कानून पर वापस नहीं जा सकती' चीन ने वर-इस्राइल के ईरान युद्ध की निंदा की



**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत-चीन सहयोग और इफ्क्कउर में संयुक्त नेतृत्व की अहमियत पर जोर दिया। वांग ने पश्चिम एशिया संकट के बीच ईरान युद्ध को समाप्त करने का भी आह्वान किया।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पश्चिम एशिया में तुरंत शांति स्थापना की मांग करते हुए अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना की और संकेत दिया कि क्षेत्रीय अशांति अमेरिका के साथ स्थिर संबंधों को प्रभावित नहीं करेगी। राष्ट्रीय जनसमूह कांग्रेस के सत्र के दौरान वार्षिक उच्चस्तरीय ब्रीफिंग में वांग ने कहा शक्ति का मतलब हमेशा सही नहीं होता और ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की। उन्होंने जोड़ा ₹यह युद्ध कभी नहीं होना चाहिए था और किसी के भी हित में नहीं है। रंगीन क्रांतियों या शासन परिवर्तन की साजिश को जनता का समर्थन नहीं मिलेगा।ह्व बीजिंग में पत्रकारों से बात करते हुए वांग यी ने कहा दुनिया को जंगल के कानून पर लौटने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई तुरंत समाप्त होनी चाहिए।

**ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात संभव**

इन टिप्पणियों का वक्तव्य उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बीजिंग में शिखर बैठक की योजना है। पिछले साल एक वर्षीय व्यापार समझौते के बाद द्विपक्षीय संबंध स्थिर रहे हैं, लेकिन ट्रंप के टैरिफ नीतियों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनौती और मध्य पूर्व में युद्ध ने अनिश्चितता पैदा की है। फिर भी वांग ने आगामी शिखर बैठक के प्रति आशावाद व्यक्त किया। वांग के अनुसार, पारस्परिक ईमानदारी से, दोनों देशों को 2026 को चीन-अमेरिका संबंधों के लिए स्थिर और सतत विकास का मील का पत्थर बनाने में सफलता मिलेगी। शिखर बैठक की तैयारी में अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग अगले सप्ताह पेरिस में मिलने की संभावना है, ताकि नए समझौते की नींव रखी जा सके, जिसमें व्यापारिक सौदे भी शामिल हो सकते हैं।

# पश्चिम एशिया में युद्ध से भारत पर हुआ असर: तेल-गैस के लिए कदम उठाए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष से भारत के कौन-कौन से क्षेत्र प्रभावित हुए हैं? भारत ने इन प्रभावों को देखते हुए अब तक समस्याओं से निपटने के लिए क्या कदम उठाए हैं? अमेरिका-इस्राइल के ईरान से युद्ध में अब तक उसकी क्या भूमिका रही है?

इस्राइल-अमेरिका की तरफ से ईरान पर हमला बोले जाने के बाद से ही पश्चिम एशिया में स्थितियां नाजुक बनी हुई हैं। इस पूरे घटनाक्रम में 4 मार्च (बुधवार) को एक बड़ा मोड़ तब आया, जब अमेरिकी सबमरीन ने हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत पर टॉरपीडो से हमला कर दिया और उसे डुबा दिया। इस घटना के चलते संघर्ष का दायरा दक्षिण एशिया तक पहुंच गया, जो कि आमतौर पर पश्चिम एशिया में हुए पिछले सभी संघर्षों से अछूता रहा था। इस घटना ने भारत को भी प्रभावित किया है और भारतीय नौसेना को मामले में बयान जारी करना पड़ा।




इस्राइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद तेहरान की तरफ से भी पलटवार किया गया। ईरान ने इस्राइल के साथ-साथ पश्चिम एशिया में उन सभी देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। इनमें संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, सऊदी समेत कई देश शामिल हैं। इस संघर्ष के दौरान ईरान ने न सिर्फ सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं, बल्कि ड्रोन्स के जरिए इन देशों में मौजूद तेल रिफाइनरियों, गैस उत्पादन प्लांट्स और समुद्र में आवाजाही के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल टैंकरों को भी तबाह किया गया। नतीजतन यूरोप से लेकर भारत-चीन समेत एशिया के बड़े देशों में ऊर्जा संकट पैदा हुआ है। कतर, सऊदी समेत कई देशों ने अपने तेल-गैस के भंडारों पर हमला होने की वजह से इनका संचालन ठीक ढंग से न हो पाने का हवाला दिया है। इसी एवज में भारत को भी फोर्स मैज्योर का नोटिस दिया गया है, जिसके तहत भारत से गैस खरीद के समझौते को अस्थायी रूप से रोकने की बात कही गई है।

इसके अलावा ईरान ने हाल ही में दुनियाभर की 20 फीसदी तेल की आवाजाही के लिए जिम्मेदार होर्मुज जलडमरूमध्य को भी बंद कर दिया, जिसका असर यह हुआ कि यहां से ईंधन के टैंकरों को निकलने से रोक दिया गया। नतीजतन भारत के लिए तेल-गैस का एक स्रोत प्रभावित हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत अपनी जरूरत का लगभग 50% (करीब 26 लाख बैरल प्रतिदिन) कच्चा तेल इसी जलमार्ग के जरिए आयात करता है।

**1. ऊर्जा क्षेत्र (तेल-गैस)**

क्या असर और क्यों: भारत अपनी खपत का 90% तेल आयात करता है, और इसके आयातित कच्चे तेल का लगभग आधा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। इसके अलावा, भारत अपनी रसोई गैस (एलपीजी) की 80-85% जरूरत और बिजली व उद्योगों के लिए जरूरी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों (कतर, सऊदी अरब, यूएई, आदि) से आयात करता है। संघर्ष के कारण इस समुद्री मार्ग से आपूर्ति बाधित होने का गंभीर खतरा है।

**2. निर्माण और सीमेंट उद्योग**

क्या असर और क्यों: सीमेंट उत्पादन और निर्माण सामग्री के लिए भारत बड़े पैमाने पर पश्चिम एशिया पर निर्भर है। भारत अपने कुल आयात का 68.5% चूना पत्थर और 62.1% जिप्सम इसी क्षेत्र से मंगाता है। आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा से सीमेंट की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका सीधा असर भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर पड़ सकता है, जो कि बढ़ी हुई दरों के साथ-साथ, परियोजनाओं में देरी से जूझ सकते हैं। इसके अलावा आम लोगों को भी महंगाई का दंश झेलना पड़ सकता है।

# 'हम प्रतिद्वंदी नहीं साझेदार': भारत से संबंधों पर बदले चीन के सुर, वांग यी बोले- टकराव से एशिया का नुकसान



## भारत और चीन ग्लोबल साउथ के महत्वपूर्ण देश

भविष्य की दिशा पर बोलते हुए वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को पड़ोसी देशों के रूप में मित्रता बनाए रखनी चाहिए और सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही दोनों देशों को विकास और सहयोग पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और चीन ग्लोबल साउथ के महत्वपूर्ण देश हैं और दोनों के बीच गहरे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंध हैं। वांग के अनुसार, आपसी विश्वास और सहयोग से दोनों देशों के विकास को गति मिल सकती है, जबकि टकराव और विभाजन एशिया के विकास के लिए नुकसानदायक होगा।



**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने दोनों देशों से सीमा शांति, सहयोग और BRICS में संयुक्त भूमिका बढ़ाने की अपील की।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे को खतरे की बजाय अवसर के रूप में समझने की जरूरत है।

चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के सत्र के दौरान आयोजित वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वांग यी ने कहा कि दोनों देशों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा तय किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार संबंधों को आगे बढ़ाना चाहिए। चीनी विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि दोनों देशों को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। इस वर्ष भारत इफ्क्कउर की मेजबानी करेगा, जबकि 2027 में चीन इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य तनाव के कारण भारत-चीन संबंध लगभग पांच वर्षों तक ठंडे पड़े रहे। हालांकि 2024 में कजान में प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद संबंधों को सामान्य करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद दोनों देशों ने वीजा और उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने सहित कई कदम उठाए, जिससे संबंधों में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिला।

## दोनों देशों के रिश्तों में नई शुरूआत

वांग यी ने बताया कि पिछले साल तियानजिन में मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात सकारात्मक रही थी। उन्होंने कहा कि 2024 में रूस के कजान में हुई बैठक से दोनों देशों के रिश्तों में नई शुरूआत हुई, जिसके बाद तियानजिन में हुई बातचीत ने संबंधों को और बेहतर बनाने में मदद की। उन्होंने कहा कि हाल के समय में दोनों देशों के बीच राजनयिक संवाद, व्यापार और लोगों के बीच संपर्क में तेजी आई है। द्विपक्षीय व्यापार ने नया रिकॉर्ड बनाया है और इससे दोनों देशों के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश, दो लोग हिरासत में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास ग्रेसी मेंशन के बाहर कथित बम हमले की कोशिश के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है। यह जानकारी न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने दी है।

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास, ग्रेसी मेंशन के बाहर बम हमले का प्रयास किया गया। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग (ठ ढऊ) ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है। यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई।

**पुलिस ने बरामद किया जार जैसा उपकरण**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना के दौरान एक वीडियो में एक संदिग्ध को एक उपकरण दूसरे को सौंपते हुए दिखाया गया है, जिसके तुरंत बाद गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए उपकरण में एक जार था, जो काले टेप से लिपटा हुआ था और उसमें नट, बोल्ट, स्क्रू और एक फ्यूज भरा हुआ था। यह उपकरण फुटबॉल से थोड़ा छोटा बताया जा रहा है।

यह कार्रवाई उस समय हुई जब मेयर के आधिकारिक आवास के बाहर दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस ने इस दौरान कुल छह लोगों को हिरासत में लिया। बताया गया कि यह हिंसा उस समय भड़की जब दक्षिणपंथी प्रभावक जेक लैंग द्वारा आयोजित एक इस्लाम विरोधी प्रदर्शन का टकराव रमजान के दौरान आयोजित एक प्रदर्शन से हो गया। इस दौरान दो संदिग्ध उपकरणों को जलाकर फेंका गया।

**उपकरण की जांच में जुटी पुलिस**

पुलिस आयुक्त जेसिका एस. टिश ने बताया कि ये उपकरण आकार में फुटबॉल से थोड़े छोटे थे और फिलहाल उनकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे वास्तव में काम करने वाले विस्फोटक थे या सिर्फ डर फैलाने के लिए बनाए गए थे।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# श्री भक्तमाल जी कथा महोत्सव में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हिन्दी भवन में चल रही श्री भक्तमाल कथा महोत्सव और संत समागम में आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। शिक्षाविद, समाजसेवी तथा भाजपा नेता डा. रामअवतार जिंदल द्वारा आयोजित कराये गये इस भक्तिमय कथा महोत्सव और संत समागम में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने कथा का आनन्द लिया। डा. रामअवतार जिंदल ने सभी का आभार व्यक्त किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब निगम में गूंजनी थी विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस की आवाज? तब कहां दब गयी साईकिल वाले पार्षद से लेकर एक्सटेंशन वाले पार्षद की आवाज? क्या चुनाव के सहयोगी दल समाजवादियों की ही थी बाहर प्रदर्शन की जिम्मेदारी? हाथ वाले पार्षद क्यों नहीं खेले सदन के भीतर मजबूत वाली पारी? क्या केवल वीडियो बनवाकर उसे सोशल मीडिया पर डालकर पूरी कर ली एक पार्षद ने अपनी जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा कि समाजवादियों ने गेट पर खोल रखा था मोर्चा, और हाथ वाले अंदर शांत रहकर निभा रहे थे कौन सी यारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब पार्षद गौरव सोलंकी ने दमदार तरीके से उठाई सदन में अपनी बात? तब उन्हें क्यों नहीं मिला सदन के भीतर नदियापार की टी कम्पनी का साथ? क्या सहयोगी भाटी ने भी नहीं घुमाई उनके साथ समर्थन वाली लाठी? क्या सदन के भीतर बदल गयी थी बैठक के दौरान टी कम्पनी की परिपार्टी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हाउस टैक्स को लेकर पूरे शहर में सुनाई दे रही थी पॉलिटिकल विरोध की आवाज? तब नीला हाथी क्यों हो गया इतने ठोस तरीके से शांत? कहने वाले ने कहा कि चलो हाथी तो खामोश था मगर क्या चंद्रशेखर वाली पार्टी के समर्थकों में भी कहीं कोई रोष था? क्या आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी बना ली थी दूरी? हाथ वालों नहीं आये, क्या उनकी भी थी कोई मजबूरी? ये जनता का मुद्दा है तो जनता के लिए इन दलों की मनस्थिति का सामने आना है बहुत जरूरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब निगम वाली बैठक में चौधरी पार्षद को नहीं मिला माईक? तो उन्होंने कर लिया अपनी आवाज को ही लाउड? चौधरी पार्षद ने बिना माईके के ही पहुंचा दी अपनी बात? पूछ लिया कि क्यों नहीं हो रहा है हमारे वार्डों में विकास? मैडम शिल्पा ने नहीं किया माईक हाथ में आने का इंतजार? कड़ाई से पूछा सवाल और किया जवाब का इंतजार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम की अहम बोर्ड बैठक में क्यों नहीं पहुंची वार्ड वाली मिसेज पहलवान? उन्हें तो नदियापार से आना था और होता रहा इंतजार? कहने वाले ने कहा कि उन्हें जनता हर बार देती है वोट तो उन्हें करना चाहिए था निगम की बैठक में पब्लिक को सपोर्ट ? क्या मिस्टर पहलवान देंगे इस गैर हाजरी पर कोई सफाई? वो बता पायेंगे कि मैडम पार्षद क्यों नहीं आ पायीं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गृह कर को लेकर शहर में दिखा उबाल और गांव वाले वार्डों में छा गयी शांति? झंडापुर, कड़कड मॉडल, साहिबाबाद गांव से लेकर मकनपुर और भौपुरा के गांव में दिखाई दी शांति? क्या कोई दूर करेगा ये भ्रांति? इन वार्डों में निगम नहीं वसूलता है हाउस टैक्स या गांव को लेकर सीन है रिलैक्स?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा जी पुरम वाले पार्षदों ने भी कर रखा था सीन कमाल का? यहां वीडियो ग्राफी की जिम्मेदारी संभाल रखी थी इन पार्षदों ने? देखने वाले ने देखा कि जब इस मंडल का एक पार्षद उठाता था हाथ में माईक तो दूसरा पार्षद वीडियो वाले मोड पर ऑन कर लेता था मोबाईल? एक दूसरे की वीडियो बनाकर दिया पार्षदों ने एक गजब का संदेश? डिजिटल युग में दिखाई देना चाहिए हमारा भी फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के पार्षदों ने क्यों नहीं उठाया शमशान घाट का मुद्दा? क्या राम वाले पार्षद सीता वाले विधायक के आगे कर गये हैं सरेन्डर? क्यों कहा कहने वाले ने कि बिल्डर का तो नहीं आ गया कोई रिक्वेस्ट वाला टेंडर? जो पार्षद कह रहे थे हम जायेंगे शिफ्ट होने की स्थिति में कोर्ट? सबने देखा वो पार्षद इस मुददे पर साईलेंट रहे नगर निगम के सदन वाले फोर्ट मे? जो सदन में रहे खामोश वो अब भला क्यों जायेंगे कोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम के बाहर भी हो गया पार्क के भीतर कुछ गजब का सीन? पहले दरोगा जी ने पिलाया जूस और फिर कर दिया ठीक ठाक टाईट? कह दिया अपने घर जाकर लड़ना ये टैक्स वाली फाईट? सुना है जूस वालों के चक्कर में बाहर चाय वाले की दुकान भी करा दी पुलिस ने बंद? वो कह रहे थे हम करेंगे क्रांति? वो जुबान, कदम दोनों से निकले पूरे तरह साईलेंट होकर? वो समझ गए थे दारोगा जी के तेवर देखकर कि अब जरूरी है कि धारण कर ली जाये शांति ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार वाले किस पूर्व पार्षद को लग गया है इन दिनों नींद ना आने का रोग? वो दिन रात इस टेंशन में जी रहे हैं कि क्या बनेगा महानगर वाली टीम में आने का मेरे नाम पर कोई योग? वो करते हैं रोजाना कभी ईधर तो कभी उधर कई भाजपा चेहरों को फोन? वो चाहते हैं कि बस एक बार पता चल जाये कि मैं इन हूं या आउट? मैं आराम से सो जाउंगा और खत्म हो जायेगा मेरा डाउट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिसकर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

नोएडा। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूटी व पैदल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति के तहत पुलिसकर्मियों ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीषा सिंह द्वारा स्कूटी व पैदल रैली का शुभारंभ नोएडा स्टेडियम के गेट नबंर -4 से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में महिला पुलिसकर्मी स्कूटी चलाते हुए तथा पैदल मार्च करते हुए विभिन्न मार्गों से होकर गुजरीं और अंत में पुनः निर्धारित स्थल पर उसका समापन किया गया।

## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान समाज ने कराई गरीब कन्याओं की सामूहिक शादी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संयोजक बबीता की पहल पर राजस्थान समाज द्वारा गरीब कन्याओं की सामूहिक शादी कराई गई। इस अवसर पर समाजसेवी अजय गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल, ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में राजस्थान समाज की ओर से बबीता को गाय माता का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजय गुप्ता ने कहा कि बबीता नारी सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण हैं। उन्होंने कोरोना काल के दौरान भी सैकड़ों जरूरतमंद एवं प्रभावित परिवारों तक भोजन पहुंचाकर समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी अलग पहचान बनाई। अजय गुप्ता ने बबीता को इस सामाजिक पहल के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गर्व गर्ग की सफलता पर गर्व है: विधायक संजीव शर्मा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने पुरानी सब्जी मंडी निवासी गर्व गर्ग के संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 192 प्राप्त करने पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

विधायक ने कहा कि गर्व की यह उपलब्धि पूरे गाजियाबाद के लिए गर्व का विषय है और युवाओं को कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देती है। पुरानी सब्जी मंडी के होनहार बेटे गर्व गर्ग ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 192वीं रैंक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से आने वाले गर्व की यह उपलब्धि मेहनत, लगन और मजबूत संकल्प का प्रेरणादायक उदाहरण है।

गर्व गर्ग के पिता संजय गर्ग पुरानी सब्जी मंडी में किराने की दुकान चलाते हैं और माता निशा गर्ग गृहिणी हैं। परिवार की तीन बड़ी बहनों का सहयोग और प्रेरणा भी उनकी सफलता में महत्वपूर्ण रही।

गर्व गर्ग ने दसवीं की पढ़ाई गाजियाबाद पब्लिक स्कूल से, बारहवीं डीपीएस मेरठ रोड से तथा स्नातक की पढ़ाई हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। कोरोना काल के दौरान घर पर रहकर उन्होंने पूरी एकाग्रता के साथ तैयारी की, स्पष्ट रणनीति बनाई और प्रतिदिन लगभग 7-8 घंटे अध्ययन किया। कड़ी मेहनत और धैर्य के साथ तीसरे प्रयास में उन्होंने यह सफलता हासिल की।

इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि गर्व गर्ग ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। उनकी यह सफलता गाजियाबाद के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि गर्व गर्ग प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि गर्व गर्ग की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और उनके घर पर बधाई देने वालों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। इस अवसर पर चेयरमेन संदीप पाल, आशुतोष शर्मा, अंकित गुप्ता, संजय, अनु चौधरी एवं गर्व गर्ग के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव की समाजवादी समानता भाईचारा रैली 29 मार्च को दादरी में

नोएडा। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर रविवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नागर ने किया। बैठक में 29 मार्च को दादरी नगर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रस्तावित समाजवादी समानता भाईचारा रैली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि 29 मार्च को दादरी मिहिर भोज डिग्री प्रांगड़ में होने वाली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समाजवादी समानता भाईचारा रैली विशाल और ऐतिहासिक होगी। इस जिले में जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा आसपास की जनपदों से लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा की इस जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकत्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सभी कार्यकर्त्ता इस रैली को सफल बनाने के अपनी लिए पूरजोर मेहनत करें और अधिक से अधिक लोगों के साथ रैली में पहुंचे।